
UPHIN/2011/39718
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-125 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये

# बीजेपी की सरकार आई तो झाड़ू लगाते दिखेंगे टीएमसी के गुंडे, माफिया और मौलाना', पश्चिम बंगाल में गरजे सीएम योगी


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को फिर पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे। बाराबनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार अरिजीत रॉय के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने के साथ भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया। जनसभा स्थल, वाहनों, घरों की छतों और पेड़ों पर चढ़े लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने को बेताब दिखे। बंगाल की धरा पर तृणमूल कांग्रेस को चुनौती देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने मतदाताओं से कहा कि टीएमसी के गुंडे, माफिया क्या कह रहे हैं या कोई मौलाना क्या बक रहा है, आप किसी से भयभीत न होइए। डबल इंजन की भाजपा सरकार आने दीजिए, ये सभी आपकी चाटुकारिता करते और बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाते दिखाई देंगे



## आप लोग अरिजीत को जिताइए, टीएमसी का सूपड़ा साफ करेंगे

मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि जब यहां मेरा कार्यक्रम लगा तो तृणमूल के गुंडे लोगों को परेशान करने लग गए। सभा न होने पाए, इसके लिए भाजपा का झंडा उखाड़ने का भी प्रयास किया। अरिजीत का मतलब जो शत्रु को जीत सके, आप लोग उन्हें जिताइए और डबल इंजन सरकार लाइए, टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल स्पीड से सारी समस्याओं का समाधान होगा। भाजपा ही सुरक्षा-समृद्धि, उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है।

## टीएमसी के कारण पैदा हुए सैंड-कोल-लैंड माफिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने 15 वर्षों से बंगाल को संकट में ला दिया और इसे टेरर, माफियाराज, कटमनी व करप्शन का अड्डा बना दिया, वह टीएमसी अब नहीं चाहिए। इन लोगों ने आमजन, नौजवानों, बेटी-बहनों के सामने भय का माहौल पैदा किया है। टीएमसी के कारण सैंड माफिया, कोल माफिया, लैंड माफिया पैदा हुए। केंद्र से जो पैसा आता है, उसे टीएमसी के गुंडे हजम कर जाते हैं। सीएम ने स्थानीय नागरिकों को विश्वास दिलाया कि बंगाल में दंगों, भय, अराजकता, माफियाराज को भाजपा समाप्त करेगी।

## कांग्रेस, सपा और टीएमसी नहीं रोक पाईं, अयोध्या में बन गया राम मंदिर

सीएम योगी ने कहा कि 9 साल पहले इससे भी बुरी स्थिति उत्तर प्रदेश की थी। वहां हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। व्यापारी, बहन-बेटी असुरक्षित थी। गुंडागर्दी-अपराध चरम पर था, माफिया हावी थे। जनता के विकास के लिए आने वाले पैसे में डकैती पड़ती थी, लेकिन डबल इंजन की भाजपा सरकार ने इसका उपचार कर दिया। यूपी में बहुत परिवर्तन हो गया, वहां कोई सड़क पर नमाज नहीं पढ़ सकता। यूपी में पर्व-त्योहार शांति से मनाए जाते हैं। वहां अराजकता-गुंडागर्दी नहीं है, लेकिन बंगाल में गोतस्करी, गोहत्या, त्योहारों के पहले उपद्रव होते हैं। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर अब माफिया की हड्डी-पसली ठीक करता है। माफिया की संपत्ति लेकर गरीबों के आवास बनते हैं। यूपी में न कर्फ्यू है न दंगा है, वहां सब चंगा है। रामजन्मभूमि के लिए आंदोलन करना पड़ा। टीएमसी की पार्टनर समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोली चलवाई। जैसे ममता दीदी को राम नाम, दुर्गा पूजा से चिढ़ है, यूपी में भी ऐसे ही चिढ़ होती थी। यूपी में डबल इंजन सरकार आई तो अयोध्या में भगवान श्रीराम का सबसे बड़ा मंदिर बन गया, इसे कांग्रेस, सपा और टीएमसी रोक नहीं पाईं, क्योंकि मोदी हैं तो मुमकिन है।

## गारंटी देती है भाजपा, गोमाता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा गारंटी देती है कि बंगाल में दंगा, कर्फ्यू नहीं लगेगा। गोमाता को कटने नहीं देंगे और हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथियों और 15 वर्ष से टीएमसी ने यहां पहचान का संकट खड़ा किया है। बंगाल कभी कल्चरल कैपिटल के रूप में देश को दिशा देता था, लेकिन इसे क्राइम कैपिटल बनाकर पहचान का संकट खड़ा किया गया। आजादी के बाद बंगाल विकास के पथ पर आगे चल रहा था। देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन था। इकोनॉमिक लीडर के रूप में बंगाल की तूती बोलती थी। किसान प्रसन्न, नौजवान को नौकरी-रोजगार, मछली-चावल उत्पादन बढ़ रहा था, लेकिन कांग्रेस, वामपंथियों और टीएमसी ने राज्य को भ्रष्टाचार, भय व अराजकता का केंद्र बना दिया। मछली उत्पादन कम हुआ और चावल उत्पादन घटा। यहां के संसाधनों पर माफिया हावी है, नौजवान के लिए नौकरी-रोजगार गायब है। किसानों को उपज का दाम नहीं मिल पाता। यूपी में आलू का दाम 15-16 रुपये किलो और बंगाल में मात्र एक-डेढ़ रुपये मिल रहा है।

## प्रेरणा भूमि रही है बंगाल

सीएम योगी ने कहा कि बंगाल सदैव प्रेरणा भूमि रही है। इसने भारत को राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत दिया। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बंगाल की धरती टीएमसी की अराजकता से मुक्त होने का आह्वान कर रही है। इस धरा ने रामकृष्ण परमहंस, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी विवेकानंद, खुदीराम बोस, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, अरविंद घोष, जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे राष्ट्रवादी चिंतक दिए। कश्मीर को पृथक मान्यता देने के लिए कांग्रेस की चाल के कारण आतंकी भारत की एकता को चुनौती दे रहे थे, लेकिन डॉ. मुखर्जी के संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया और धारा 370 समाप्त कर दी। कश्मीर में भी भारत का कानून वैसे ही लागू हुआ, जैसे बंगाल, बिहार और यूपी में है।

## सुर्खियां............

### कानपुर में खुद को बीजेपी नेता बताने वाले कृष्णा पांडे ने 16 साल की लड़की संग 19 बार किया रेप, क्या है असली कहानी?.

( यंग भारत न्यूज )



**कानपुर।** प्रदेश के कानपुर के नजीराबाद थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां खुद को बीजेपी का सोशल मीडिया प्रभारी बताने वाले एक युवक अनुभव उर्फ कृष्णा पांडे पर 16 साल की एक नाबालिग छात्रा के साथ 19 बार रेप करने का गंभीर आरोप लगा आरोप है कि युवक ने न सिर्फ छात्रा को शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया बल्कि नाबालिग होने के बावजूद होटल में कमरा लेने के लिए उसके आधार कार्ड में जन्मतिथि के साथ फर्जीवाड़ा भी किया. पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है.

#### वीडियो बनाकर एक साल तक किया शोषण

पीड़िता के अनुसार, कृष्णा पांडे सोशल मीडिया के जरिए उससे मिला था. आरोपी ने पहले उसे शादी का झांसा दिया और एक होटल में ले जाकर उसके साथ गलत काम किया. पहली बार में ही आरोपी ने छात्रा का अश्लील वीडियो बना लिया. इसके बाद वह उस वीडियो के जरिए छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा और एक-एक करके करीब 19 बार उसे अलग-अलग होटलों में ले जाकर शारीरिक शोषण किया. विरोध करने पर वह वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था.

#### आधार कार्ड में जालसाजी और होटल मैनेजर की भूमिका

छात्रा नाबालिग थी. इसलिए होटल में प्रवेश के लिए आरोपी ने उसके आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ कर जन्मतिथि बदल दी ताकि वह उसे बालिग दिखा सके. छात्रा का आरोप है कि होटल मैनेजर ने भी उसे धमकाया और आरोपी का साथ दिया. डीसीपी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि नाबालिग को कमरा कैसे दिया गया. होटल के सीसीटीवी फुटेज और रजिस्टर कब्जे में लिए गए हैं.

#### परिजनों पर दबंगई और धमकी का आरोप

जब छात्रा ने अपनी मां को आपबीती सुनाई, तो पीड़िता की मां आरोपी के घर पहुंची. आरोप है कि कृष्णा के पिता, भाई और चाचा ने पीड़िता के परिवार को धमकाया और जान से मारने की बात कही. पीड़िता की मां ने बताया 'हमने हाथ-पैर जोड़े कि बात कर लीजिए. लेकिन उन्होंने हमें ही गलत ठहरा दिया.' मां की तहरीर पर पुलिस ने कृष्णा पांडे, होटल मैनेजर समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है.

#### बीजेपी ने झाड़ा पल्ला

आरोपी खुद को बीजेपी नजीराबाद मंडल का सोशल मीडिया प्रभारी बताता था. हालांकि, मामले के तूल पकड़ने पर बीजेपी शहर अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने स्पष्ट किया कि उक्त युवक को पहले ही पार्टी से निकाला जा चुका है और वह वर्तमान में बीजेपी का सदस्य नहीं है.

#### पुलिस की कार्रवाई

डीसीपी अतुल श्रीवास्तव के अनुसार, मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और अब 164 के तहत कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे. पुलिस इस मामले में धोखाधड़ी और रेप की धाराओं के साथ-साथ आधार कार्ड में की गई जालसाजी की भी विस्तृत विवेचना कर रही है.

## ये सशक्तिकरण नहीं, तुष्टीकरण है; जल्दबाजी में लाया जा रहा बिल, महिला आरक्षण पर बोले अखिलेश



**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े तीन बिल आज संसद में पेश किए गए। इन बिलों में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 2029 से 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव है। इसके लिए तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। आज पहला दिन है। इस बीच महिला आरक्षण को लेकर समाजवादी पार्टी ने समर्थन जताते कि बिल को जल्दबाज़ी में लाकर जनगणना और जातिवार आंकड़ों से बचने की कोशिश की जा रही है।

### गुप्त लोगों की गुप्त योजना- अखिलेश

उन्होने महिला आरक्षण विधेयक पर कहा कि यह गुप्त लोगों की गुप्त योजना है। हम महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जिस जल्दबाजी में इसे लाया जा रहा है, उसके खिलाफ हैं। जनगणना होने के बाद देश जाति आधारित जनगणना की मांग करेगा, और अगर जाति आधारित जनगणना हो जाती है, तो देश आरक्षण की मांग करेगा, लेकिन ये लोग इन सबसे बचना चाहते हैं। ये लोग दलितों, मुसलमानों, पिछड़े वर्गों और अन्य ऐसे ही समुदायों के खिलाफ हैं।

### ये सशक्तिकरण नहीं, बल्कि तुष्टीकरण है- अखिलेश

सपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर हम देश के आंकड़ों को देखें, तो आरक्षण के साथ-साथ सुरक्षा की भी जरूरत है। यह सशक्तिकरण नहीं, बल्कि तुष्टीकरण है। अगर हम पिछड़े वर्ग की आबादी 66% भी मान लें, तो 33% आरक्षण देकर आप 33% महिलाओं के अधिकार छीन रहे हैं? हम महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन परिसीमन के तरीके का विरोध करते हैं, कोई जनगणना नहीं हो रही है, आंकड़े 2011 के आंकड़ों के आधार पर तय किए जाएंगे।

## पत्थरों के आगे गिड़गिड़ाने से कुछ नहीं मिलेगा', भरी जनता के सामने बीजेपी विधायक ने किसे बताया 'भगवान'? जानें आप भी..

( यंग भारत न्यूज )



राजनीति में बयानबाजी कोई नई बात नहीं है, लेकिन कई बार नेता ऐसे बयान दे जाते हैं जो पूरे प्रदेश की सियासत में हलचल मचा देते हैं। ऐसा ही एक मामला उत्तर प्रदेश के हरदोई से सामने आया है, जहां एक बीजेपी विधायक एक ऐसा बयान दिया है, जिससे प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल, मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गांधी मैदान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बीजेपी विधायक श्याम प्रकाश (BJP MLA Shyam Prakash) ने मंच को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक ऐसा बयान दिया कि हर कोई हैरान हो गया। अपने बयान में विधायक श्याम प्रकाश ने कहा कि 'पत्थरों को पूजने से कुछ नहीं मिलेगा। अगर पूजा करनी ही है तो 'योगी और मोदी' की कीजिए। उनमें कुछ देने की क्षमता है। दलित नेता आपका कल्याण नहीं कर सकता। बड़े-बड़े नेता आपको बेवकूफ बनाकर अपनी कुर्सी हथियाने का काम करते हैं।

### 'मोदी-योगी को पूजना शुरू करो'

बीजेपी विधायक ने कहा कि पत्थरों के आगे गिड़गिड़ाने से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। निर्जीव पत्थरों में कुछ भी देने की क्षमता नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि पत्थरों क पूजना छोड़िए, आज के असली भगवान तो मोदी और योगी हैं। इनकी पूजा शुरू करिए। हम तो जिंदा आदमी को भगवान मानते हैं क्योंकि वे ही हमें कुछ दे सकते हैं।



# प्रयागराज में ट्रेन से कटकर 5 युवकों की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बुधवार शाम करीब 7:30 बजे ट्रेन से कटकर 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें सिर्फ दो की शिनाख्त हो सकी है। बाकी के लिए प्रयास जारी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन पर पचदेवरा हाल्ट है। यहां एक व्यक्ति चलती कालका एक्सप्रेस ट्रेन से गिर गया। पहियों के नीचे आने से वह कट गया और उनकी जान चली गई। इस हादसे के बाद यात्रियों ने चेन पुलिंग कर कालका एक्सप्रेस को रोक दिया। ट्रेन में बैठे कुछ यात्री नीचे उतर आए। तभी दूसरी दिशा से पुरुषोत्तम एक्सप्रेस आ गई। जिसकी चपेट में आने से 4 और लोग कट गए। कुल 5 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना भीषण था कि यात्रियों के शरीर टुकड़ों में कट गए थे। 30 मीटर तक रेलवे लाइन पर खून ही खून था। पुलिसकर्मियों ने टुकड़ों को बटोरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फिरोजाबाद के थाना खैरगढ़ क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव निवासी आकाश (19) बुधवार को कालका एक्सप्रेस से कोलकाता जा रहा था। वह रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने जा रहा था। आकाश के साथ कोलकाता निवासी अजय, पुत्र मुन्ना पासी समेत अन्य लोग भी यात्रा कर रहे थे। पचदेवरा के पास चलती ट्रेन से बलिराम (36) नाम का एक व्यक्ति गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वह बिहार के सिवान जिले के भारत भगत का रहने वाला था।

## सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

### सूरज ज्ञान मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सूरज ज्ञान मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने सीबीएसई हाई स्कूल मे अपना परचम लहरा दिया।सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं।इस वर्ष के परिणाम में पार्थ गुप्ता ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अदिति नगाइच ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर अक्षिता सिंह ने 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अभय 91.8 प्रतिशत, यश सोनी 91.6 प्रतिशत, निर्मल समधिया 91.4 प्रतिशत, कृष कुमार 91.2 प्रतिशत, ऋषभ 91.2 प्रतिशत, शुभी शंकरवार 91 प्रतिशत एवं पर्नल 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।इसके अतिरिक्त, कन्हैया गुप्ता, सुयश तरसौलिया, पियूष कुरेले, ओम पटेल, फलक, दीपिका तिवारी, जैनब, अखिल सागर, शिवम खरे, युग पटेल, स्वाति एवं एक्शा ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया गया है।

साथ ही, जिन विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उन्हें निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया है।विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर प्रताप सिंह ने सभी बच्चो को बधाई दी कहा कि आगे जाकर यही बच्चे विद्यालय के साथ साथ देश का नाम रोशन करेंगे।

## शोले फ़िल्म का वीरू बन अपनी बसंती से शादी के लिए जिद करके चढ़ गया टॉवर पर

### पुलिस ने स्टाइल के साथ पुचकार कर प्रेमी को टॉवर से उतार, फिर कर दिया पिछवाड़ा लाल, उतर गया आशिक़ी और दीवानगी का भूत

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** कुठोंद थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब प्रेम विवाह की मांग को लेकर एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक की पहचान शेर सिंह पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम अटरा, थाना सिरसा कलार के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अपनी प्रेमिका से विवाह कराने की मांग को लेकर टावर पर चढ़ गया और काफी देर तक नीचे उतरने से इंकार करता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचे और युवक को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया। टावर पर युवक के चढ़ने की सूचना फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस व परिजन लगातार युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुटे रहे।पुलिस के समझाने के बाद युवक टावर से नीचे उतरा, तकरीबन दो घंटे तक चले इस हाई बोल्टेज ड्रामा का समापन पुलिस ने युवक को हिरासत में लेने के साथ किया, फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# थाना से न्याय न मिलने पर पीड़ित परिवार पहुंचा एसपी के शरण में

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के नादादेव गांव निवासी रोशनी ने पुलिस अधीक्षक बांदा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। की अपने घर पर रात में सतुवा भुज रही थी तभी शराब के नशे में पड़ोस की ही अजीत पुत्र रामदास शराब पीकर मारपीट करने लगा और घर पर ईट मारा जिसका विरोध पीड़िता के पति ने किया तो उसको भी गाली गलौज किया जिसका वीडियो के उनके पास मौजूद है। आरोपी जाते समय पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दिए तथा फर्जी मुकदमे भी पटाने की धमकी दी है। पीड़िता किसी तरह अपनी जान बचाकर जिसकी शिकायत लेकर रात में 10:00 बजे पीड़िता अपने पति के साथ थाने पहुंची तो थाने में उनकी नहीं सुनी गई और उल्टा उसके पति के साथ थाने में एक कांस्टेबल के द्वारा मारपीट की है। साथ ही उनका फोन भी छीन लिया गया ।खाने के गेट के बाहर भी निकाल दिया गया। पीड़िता के रोने पर फोन वापस किया गया।

*जसपुरा पुलिस पर आए दिन मारपीट जैसे आरोप लगाते रहते हैं पुलिस इस समय अपराधियों पर अंकुश न लगाने की बजाय पीड़ितों के साथ ही लगातार अत्याचार कर रही है। आए दिन चोरी मारपीट क्षेत्र में होती है इस पर बांदा पुलिस को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि पीड़ितों पर ही जसपुरा मारपीट कर सुलह समझौता कर देती है तो न्याय कैसे मिलेगा। पुलिस के खिलाफ काफी लोगों में आक्रोश देखने को मिलता है।वही सूत्रों की मन तो उनका कहना है कि इस थाने में काफी दिनों से तैनात दो कांस्टेबल है रामेंद्र और दिलीप जिनके द्वारा अवैध वसूली में मस्त रहते हैं और थाना प्रभारी निरीक्षक के कारखास है। जिनके द्वारा क्षेत्र के सारे दो नंबर के व्यापार चलवाए जाते हैं और लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है जिनको लगभग 3 साल से ऊपर हो गए थाने में आए हुए। आए हुए प्रार्थना पत्र में दोनों पार्टियों को बुलाकर दोनों तरफ से पैसा लेकर डरा धमकाकर सुबह समझौता करा कर उनको वापस भेज दिया जाता है।*

- **पुलिस ने अपने बचत के लिए आरोपी का किया चालान**
- **जसपुरा थाना में पीड़ित के साथ पुलिस ने की उल्टा मारपीट की**
- **महिला ने पुलिस पर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया**
- **जसपुरा पुलिस के दो कर खास रविंद्र और दिलीप से परेशान है क्षेत्रीय ग्रामीण**

## कोटरा में हुआ एक दिवसीय चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**कोटरा /उरई।** नगर पंचायत कोटरा के आयुर्वेदिक अस्पताल में गुरुवार को संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मरीजों की हर बीमारी का नि:शुल्क परीक्षण किये जाने के साथ दवाई वितरित की गई इस अवसर पर बोलते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सियाशरण व्यास ने कहा कि प्रदेश की सरकार लोगों के स्वास्थ्य के लिए हर संभव मदद करने को तत्पर है इसी क्रम में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉक्टरों की टीम लोगों के स्वास्थ्य सेवाओं का परीक्षण करेगी चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सुमन चढ़कर उन्हें नमन किया तदुपरांत नगर पंचायत अध्यक्ष सिया शरण व्यास ने सर्वप्रथम अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर इस स्वास्थ्य शिविर को प्रारंभ करवाया वहां उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की बीमारी का परीक्षण के उपरांत निशुल्क दवाई वितरित की गई इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों में डॉ अरुण कुमार डॉ मीनाक्षी त्रिपाठी चिकित्सा अधिकारी टिमरों योग प्रशिक्षक डॉक्टर बृजेंद्र कुमार वर्मा फार्मासिस्ट रमेश चंद्र वार्ड बॉय की टीम द्वारा मरीजों को दवा वितरण की गई शिविर में रामकुमार अहिरवार, मानसिंह, अरुण कुमार, सुरेंद्र कुमार मालती देवी, रुक्मणी सहित 50 से अधिक मरीजो के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवा वितरित की गई ।

## हाई टेन्शन की लाइन से निकली चिंगारी से पराली में लगी आग

### खेतो में काम कर रहे किसानो में मची अफरा तफरी



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पहाड़गांव रोड मछली तालाब के पीछे पठेश्वर मंदिर के पास बदनपुरा मौजे में 33 हजार की हाई टेन्शन लाइन का तार टूटकर खेत में गिर पड़ा जिससे खेत में खड़ी पराली में आग लग गयी आग देखते ही देखते बिकराल रूप में बदल गयी।आग लगने की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गयी तो मौके पर नायब तहसीलदार बैभव कुमार डायल 112 के सिपाही पहुंचे तथा मौके पर मौजूद किसानो से आग लगने का कारण जान किसानो ने बताया रवि यादव के खेत से निकली हाई टेन्शन लाइन का अचानक तार टूटकर गिर जाने से पराली मे आग लग गयी।स्थानीय किसानो ने ट्रैक्टर की मदद से आग पर काबू पाया।वही किसानो ने कहा कि फायर सर्विस को सूचना दी गयी तो उन्होने गाडी न होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड लिया।फिलहाल किसानो की सूझबूझ से बडा नुकसान होते होते बचा।

## मोबाईल पर बात करने के बाद विवाहिता फाँसी पर झूली

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बहराइ में बुधवार की देर रात एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर अपनी जान दे दी गई,जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को खबर की, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया,पुलिस का कहना है की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति साफ होगी। जानकारी में बताया गया कि रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बहराइ निवासी सुदामा कुशवाहा की 20 वर्षीय पत्नी देवी कुशवाहा ने बुधवार की देर रात अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी परिजनों का कहना है की देर रात उसकी फोन पर किसी से बात हुई थी, इसके बाद वह कमरे में चली गई जब काफी देर तक बाहर नहीं निकली तब पति ने अंदर जाकर देखा जहां वह फांसी के फंदे पर झूल रही थी, आनंन-फानन में परिजनों द्वारा पुलिस को खबर की गई,जिस पर क्षेत्र के नायब तहसीलदार तथा थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, पुलिस का कहना है की कॉल डिटेल्स खागाले जा रहे हैं,कि किन परिस्थितियों में विवाहिता द्वारा आत्महत्या की गई है इसके साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी।

# चेक बाउंस के मामले में 3,50 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** चेक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट (अपर) ने सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाते हुए अभियुक्त पर 3,50 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया साथ ही छह माह के कारावास से भी दंडित किया।

अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह निरंजन ने बताया कि परिवादी सुरेंद्र को राजेंद्र सिंह ने मुहायदा वापसी के लिए चेक दी थी। यह चैक बाउंस होने के बाद परिवादी सुरेंद्र ने विपक्षी राजेंद्र सिंह के खिलाफ वर्ष 2023 में मुकदमा दायर किया था। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट (अपर) सुश्री निकिता सिंह ने गुण दोष के आधार पर आरोपी राजेंद्र सिंह को दोषी पाते हुए परिवादी को 3.5 लाख रुपये का भुगतान करने एवं छह माह के कारावास से दंडित किया है।

# मारपीट की रिपोर्ट लिखाने पर विपक्षी ने युवक की पिटाई की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मारपीट की प्राथमिकी कोतवाली में दर्ज कराने पर विपक्षी समझौते का दबाव बना रहा है। इंकार करने पर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी जुनैद ने पुलिस को बताया कि उसके मोहल्ले के ही अभिषेक उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते उन्होंने पूर्व में उसकी पिटाई कर दी थी। जिसकी प्राथमिकी उसने कोतवाली में दर्ज कराई थी। उसी मामले में विपक्षी समझौते का दबाव बना रहा है। जब उसने समझौता करने से इंकार किया तो उसने फिर से पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# शराब के लिए रुपये न देने पर युवक की पिटाई कर दी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** शादी में आए युवक को शराब के लिए रुपये न देने पर उसने पिटाई कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी वकील ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोस में शादी थी। बुधवार की रात करीब 10 बजे वह मोहल्ले से अपने घर जा रहा था। तभी शादी वाले घर के पास पहुंचने पर शादी में आया एक युवक उससे शराब के लिए रुपयों की मांग करने लगा। उसने रुपये देने से मना किया तो पिटाई कर दी। इसी दौरान उसका एक साथी भी वहां आ गया। आरोप है कि उसने तमंचे के बट से उसकी पिटाई की। पिटाई करने के बाद दोनों शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खेती को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की हुई सख्त समीक्षा

### संयुक्त सचिव मानश्वी कुमार ने दिए निर्देश-प्राकृतिक खेती, सिंचाई और विपणन पर हो ठोस काम

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' के नोडल अधिकारी मानश्वी कुमार ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में योजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जनपद में योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर गहन चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को टिकाऊ एवं आत्मनिर्भर बनाने का व्यापक अभियान है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, सिंचाई संसाधनों के सुदृढ़ीकरण तथा कृषि विपणन तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव-गांव तक योजना का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है, साथ ही किसानों को ऋण सुविधा और आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी उत्पादन क्षमता में गुणात्मक वृद्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजना के प्रत्येक घटक की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बैठक में आश्वस्त किया कि जनपद में योजना को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें और किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, उप कृषि निदेशक एस के उत्तम, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीएचओ परवेज खान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# काले कारनामों वाले बीएसए का खुला भ्रष्टाचार का चौकाने वाला एक और खेल

## जालौन शिक्षा विभाग में बड़ा घोटालाः बिना छात्रों के चल रहा स्कूल, शिक्षक घर बैठे ले रहे वेतन

- कुंदनपुरा के प्राथमिक विद्यालय में शून्य नामांकन, फिर भी तैनात तीन शिक्षक
- बीएसए के संरक्षण में हो रही मनमानी, उपस्थिति रजिस्टर पर फर्जी हस्ताक्षर के आरोप








- लगभग ढाई लाख रुपये वेतन के नाम पर सरकारी कोष से आहरित होते हैं हर माह और और मिडडेमील, ड्रेस तथा अन्य सुविधाएं कौन कर रहा है हजम यह है जांच का सवाल
- बीएसए-एबीएसए की कार्यप्रणाली पर सवाल, 'जीरो टॉलरेंस' नीति बेअसर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। 'जीरो टॉलरेंस' नीति के दावों के बीच जिले में भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। ताजा मामला कुंदनपुरा गांव के एक प्राथमिक विद्यालय का है, जहां जुलाई से मार्च तक एक भी छात्र का नामांकन नहीं हुआ, फिर भी विद्यालय कागजों में संचालित दिखाया जा रहा है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस विद्यालय में तीन शिक्षक तैनात हैं। इनमें से एक सहायक अध्यापिका, राधा साहू, कभी-कभार विद्यालय खोलकर बैठती हैं, जबकि अन्य दो— प्रधानाध्यापक और एक सहायक अध्यापक —अधिकतर अनुपस्थित रहते हैं। आरोप है कि ये शिक्षक कभी-कभी आकर उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर चले जाते हैं या फिर घर पर ही रजिस्टर मंगवाकर अपनी हाजिरी दर्ज करा लेते हैं। सबसे गंभीर सवाल बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले एक वर्ष में न तो बीएसए (बेसिक शिक्षा अधिकारी) और न ही एबीएसए (खंड शिक्षा अधिकारी) ने इस विद्यालय का निरीक्षण किया। इससे यह आशंका गहराती है कि विभागीय स्तर पर निगरानी पूरी तरह से कमजोर है। यहां तक कि विभाग को यह तक स्पष्ट जानकारी नहीं है कि जिले में कितने विद्यालय सक्रिय हैं, कहां कितने छात्र पढ़ रहे हैं और कितने शिक्षक कार्यरत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वीआरसी स्तर पर भी गड़बड़ी व्याप्त है। कुछ एबीएसए पर आरोप है कि वे 'नजराना' के आधार पर शिक्षकों की ड्यूटी तय करते हैं। जो शिक्षक इस व्यवस्था का पालन करते हैं, वे बिना विद्यालय आए भी नियमित वेतन प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, अल्प वेतन पाने वाले शिक्षा मित्रों पर सख्ती बरती जाती है और उनसे नियमित उपस्थिति की अपेक्षा की जाती है। इस असमानता और कथित भ्रष्टाचार से शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। जहां एक ओर सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने की बात कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है। बिना छात्रों के विद्यालय और अनुपस्थित शिक्षक इस बात का प्रमाण हैं कि व्यवस्था में कहीं न कहीं बड़ी खामी है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी और बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले पर क्या कदम उठाता है और क्या दोषियों पर कार्रवाई होती है या नहीं।

# शिवसेना ने भी पूरी धूमधाम के साथ मनाई बाबा साहब की जयंती

### अंकुर राजा को संगठन का जिला महामंत्री किया गया नियुक्त

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** शिवसेना के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता झांसी मंडल उपाध्यक्ष श्री मिथलेश कुमार द्वारा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला कार्यालय से हुई जहां पर शिवसैनिकों ने एकत्र होकर डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती जुलूस निकाल कर डा. अम्बेडकर के संदेश प्रचारित किया। इस मौके पर सर्वप्रथम सभी शिवसैनिक पुलिस ग्राउंड, चुर्खी रोड स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे। इस मौके पर भाजपा के सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत सभी शिवसैनिक अंबेडकर चौराहा पहुंचे, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी शिवसैनिक पुनः जिला कार्यालय पहुंचे।जिला कार्यालय में आयोजित सभा का संचालन डॉ. जगदीश द्वारा किया गया। इस दौरान बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। झांसी मंडल उपाध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित जनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य, नगर अध्यक्ष उरई अरविंद राजपूत सहित जिला कार्यकारिणी के अनेक पदाधिकारी एवं सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी में कई पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गईं तथा जालौन नगर अध्यक्ष पद पर विजय राठौर को नियुक्त किये जाने की घोषणा की गई। नव नियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। सभा में उपस्थित शिवसैनिकों द्वारा बाबा साहेब के जीवन एवं उनके विचारों पर प्रकाश डाला गया तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक उच्चारण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, तत्पश्चात जिला अध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# गांव-गांव डिजिटल पहचान, फार्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी, डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

### बड़ागांव में शत-प्रतिशत लक्ष्य की ओर बढ़ा प्रशासन, अपात्र मामलों को चिन्हित कर पारदर्शिता सुनिश्चित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकासखंड डकोर के ग्राम बड़ागांव स्थित पंचायत सचिवालय में संचालित फार्मर रजिस्ट्री अभियान का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को अभियान में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पी.एम. किसान पोर्टल पर पंजीकृत कुल 105 कृषकों में से 3 कृषक मृतक, 3 भूमिहीन तथा 5 कृषक गांव में निवासरत नहीं पाए गए हैं, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री लंबित है। शेष 94 पात्र कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कर ली गई है, जबकि अन्य छूटे हुए किसानों का भी तेजी से पंजीकरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र किसान की फार्मर रजिस्ट्री हर हाल में पूर्ण की जाए और किसी भी स्थिति में पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अपात्र मामलों का सत्यापन कर सूची को अद्यतन रखने तथा अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घर-घर संपर्क कर छूटे हुए कृषकों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके। इस अवसर पर तहसीलदार श्रीश कुमार, लेखपाल मुकतेंद्र, पंचायत सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के समिति की प्रथम बैठक हुई संपन्न

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश के अनुपालन में परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई के अनुश्रवण राष्ट्रीय लोक अदालत समिति की प्रथम बैठक अध्यक्ष/ नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार पाण्डेय, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई की अध्यक्षता में नवनिर्मित भवन वादकारियों के बैठने हेतु प्रतीक्षालय / परामर्शदाता केन्द्र परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई 2026 को सफल बनाने को लेकर सम्पन्न हुई, जिसमें लोक अदालत के लिए दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में उपस्थित परिवार परामर्शदाता, के. के. प्रजपाति द्वारा बताया गया कि लिटीगेशन हेतु जो भी पत्रावलियों न्यायालय से प्राप्त होती है उनमें मिडियेशन करायी जा रही है एवं निरंतर वादकारियों से सम्पर्क किया जा रहा है एवं नियत तिथियों पर पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता कराये जाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जा सके। बैठक में उपस्थित सदस्य, मध्यस्थगण द्वारा बताया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के लिये अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु पक्षकारों के बीच मध्यस्थता कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित विद्वान अधिवक्तागण द्वारा भी आश्वासन दिया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु पक्षकारों को समझाने का प्रयास कराया जायेगा।

उक्त बैठक में सदस्य/सदर मुंसरिम काजी वसीम उल्ला, परामर्शदाता के. के. प्रजापति, सदस्य के मध्यस्थ श्रीमती सुलेखा सिंह तथा न्यायालय कर्मचारी राजन मिश्रा एवं विद्वान अधिवक्तागण कर्मक्षेत्र अवस्थी, रामजी शाक्यवार, के. पी.सिंह, मनोहर सोनी, श्री महेश कुमार रंजन, योगेन्द्र पाल, ऋषि मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# सूखे खेत में हार्वेस्टर कर रहा था कटाई, अचानक लग गई आग, पूरा हार्वेस्टर जल कर हुआ राख

### फसल के जल जाने से किसान हैं सदमे में

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जालौन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम रूरा मल्लू में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गेहूं की कटाई के दौरान एक चलती हुई हार्वेस्टर अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और खेत में मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना किसान रोहित सेंगर के खेत की है, जहां कटाई का काम चल रहा था। इसी दौरान हार्वेस्टर में अचानक आग लग गई। हालात बिगड़ते देख चालक सौरभ परिहार ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत मशीन से कूदकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में हार्वेस्टर पूरी तरह जलने लगी। घटना के बाद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। गौरतलब है कि इन दिनों किसान पहले ही ओलावृष्टि, आंधी-बारिश और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में आग की इस घटना ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।किसानों पर लगातार संकट का सामना करना पड़ रहा है आखिर कब मिलेगी किसानों को राहत।

# जिलाधिकारी ने कदौरा गौशाला का किया निरीक्षण

### पोषण, स्वच्छता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश, गोवंश के समुचित देखभाल पर जोर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कदौरा स्थित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गौशाला में संरक्षित गोवंश की स्थिति, उनके लिए उपलब्ध चारा, पेयजल, साफ-सफाई तथा शेड की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि गोवंश को समय पर पर्याप्त एवं हरा चारा उपलब्ध कराया जाए तथा स्वच्छ पेयजल की सतत व्यवस्था सुनिश्चित रहे।जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमित रूप से सफाई कराई जाए, बीमार गो वंशों का ससमय समुचित उपचार किया जाय जिससे पशुओं के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने परिसर में स्थापित शेड की स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने, छायादार व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गर्मी के दृष्टिगत विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि गौशाला संचालन एवं गोवंश की देखभाल पूरी संवेदनशीलता के साथ की जाए। साथ ही उन्होंने समय-समय पर अधिकारियों को गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कदौरा मनोज सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कदौरा मंडी में डीएम का औचक निरीक्षण, व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

### टोकन प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश, तौल बढ़ाने हेतु दो अतिरिक्त धर्मकांटे बढ़ाएं

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कृषि उत्पादन मंडी कदौरा में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्थल पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि केंद्र पर टोकन प्रणाली का प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाना आवश्यक है जिससे किसानों को अनावश्यक असुविधा का सामना ना करना पड़े । इस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय खाद्य एवं विपणन अधिकारी एवं केंद्र प्रभारी को फटकार लगाते हुए कल शाम तक व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए । केंद्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 17 किसानों सीधे खेत से कतरायी कर मंडी में गेहूं डंप कर दिया, जिससे तौल व्यवस्था प्रभावित हो गई।जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों की टीम गठित कर डंप गेंहू के किसानो का पता लगाने और उन्हें सूचित कर टोकन वितरित कर खरीद कराए जाने के निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी ने यह निर्देश दिए कि ऐसे सभी किसानों की पहचान कर उन्हें तत्काल टोकन उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी गेहूं खरीद प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी किसान को गेंहू विक्रय में कठिनाई और नुकसान न होने पाए । उन्होंने कहा कि टोकन व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से लागू की जाए, जिससे खरीद प्रक्रिया में अनुशासन बना रहे।तौल प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को 24 घंटे के भीतर मंडी में दो अतिरिक्त धर्मकांटे स्थापित कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को इंतजार न करना पड़े और गेहूं की खरीद सुचारु रूप से संचालित हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान हितों से किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कालपी मनोज सिंह, खाद्य विपणन अधिकारी गोविंद उपाध्याय, केंद्र प्रभारी आदि संबंधित अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग से गेहूं की वास्तविक पैदावार का लिया सटीक आकलन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज रबी सीजन की गेहूं फसल के अंतर्गत क्रॉप कटिंग (फसल कटाई प्रयोग) का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तहसील उरई के न्याय पंचायत बड़ागांव स्थित ग्राम पंचायत बड़ागांव में गाटा संख्या 466 (रकबा 1.3890 हेक्टेयर) पर कृषक अतर सिंह, करण सिंह एवं जाहर सिंह पुत्रगण पुनू की सहमति से वैज्ञानिक विधि के तहत क्रॉप कटिंग प्रयोग संपादित किया गया। प्रयोग के दौरान 43.33 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में की गई कटाई से 15.730 किलोग्राम गेहूं की उपज प्राप्त हुई, जिससे खेत की वास्तविक उत्पादकता का सटीक आंकलन सुनिश्चित किया गया। यह प्रक्रिया सीसीई एग्री ऐप एवं रैंडम चयन प्रणाली के माध्यम से संपादित की जाती है, जिससे आंकड़ों की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनी रहती है। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोग का मुख्य उद्देश्य फसलों की औसत उपज दर का वैज्ञानिक आधार पर सही निर्धारण करना है, ताकि सरकारी आंकड़े वास्तविकता के अनुरूप हों ।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और फसल उत्पादन के सही आंकलन के आधार पर ही राहत व बीमा दावों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इस प्रकार की निगरानी से न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता मजबूत होगी, बल्कि किसानों का विश्वास भी सुदृढ़ होगा।

# रामश्री पब्लिक स्कूल ने CBSE 10वीं में लहराया परचम, 92% रहा रिजल्ट, आर्यन पटेल 97% के साथ टॉपर

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** रामश्री पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 के घोषित परिणामों में शानदार प्रदर्शन कर जनपद में अपनी पहचान मजबूत की है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा।

विद्यालय से 325 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 298 ने सफलता हासिल की। आर्यन पटेल ने 97% अंक पाकर विद्यालय में टॉप किया। क्रिस खरे 94.6%, शौर्य दीक्षित 94%, आर्यन शर्मा 93.8%, श्रुति श्रीवास्तव 93.5%, श्रेया गुप्ता 93.3%, अंकित बाबू 90.2%, रचित द्विवेदी 90.2% और रितेश चौरसिया 90.1% अंकों के साथ मेरिट सूची में रहे। कुल 30 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। चेयरमैन डॉ. सी.पी. गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया और कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रधानाचार्य शैलेंद्र सेंगर व उपप्रधानाचार्य अंशुल द्विवेदी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विजय ठाकुर, परीक्षा प्रभारी राघव श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार तिवारी, अमन पालीवाल, अशफाक मोहम्मद, मीनू अंसारी, रचना आनंद समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय परिवार ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# इंटेलिजेंट भारत शिक्षण संस्थान ने CBSE हाईस्कूल के मेधावियों को किया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** इंटेलिजेंट भारत शिक्षक्ण संस्थान द्वारा गुरुवार को सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। डायरेक्टर दिलीप सिंह ने छात्रों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने बताया कि सेंटर पर रुद्रादित्य तिवारी ने 96.2%, तनुष्का राजावत ने 96%, सौम्या ने 95.8%, श्रेया गुप्ता ने 93%, दीपेश वर्मा ने 93.8%, नैतिक सचान ने 92.8%, आदित्य ने 92% और राम तिवारी ने 90.4% अंक हासिल किए। दिलीप सिंह ने कहा कि संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसका परिणाम हर साल बेहतर रहता है। इस अवसर पर फिजिक्स फैकल्टी विनय यादव, सेंटर हेड व मैथ फैकल्टी आर.डी. सर, बायोलॉजी फैकल्टी अरुण सर और केमिस्ट्री फैकल्टी ने भी मेधावियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चौपाल में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** सरकार आपके द्वार अभियान के तहत ब्लॉक क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम ऊद में ग्राम संतृप्तीकरण चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। चौपाल में बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि सरकार आपके द्वार अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके गांव में ही योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, मनरेगा, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार आवेदन करें और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाएं। एडीओ पंचायत महेंद्र कुमार ने बताया कि गांवों के समग्र विकास के लिए पंचायत स्तर पर कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने स्वच्छता, पेयजल, आवास और रोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर रामहेत, प्रदीप, सुनील, विनोद, रामआसरे, प्रतीक, राहुल आदि रहे।

# नारी शक्ति वंदन अभियान स्वागत योग्य : डॉ. रेनू चन्द्रा

## महिलाओं की 33% भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्र, विकसित भारत का मार्ग होगा प्रशस्त




**उरई, जालौन।** नारी सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'नारी शक्ति वंदन अभियान' के अंतर्गत गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान के जिला प्रभारी अशोक कुमार राठौर के जेल रोड स्थित आवास पर संपन्न हुआ।

प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने विधानमंडल एवं संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। कहा गया कि इससे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी और देश के समग्र विकास को गति मिलेगी। मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रेनू चन्द्रा ने कहा कि नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के बिना विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकारों को अब वास्तविक रूप देने का समय आ गया है। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, खेल, राजनीति, प्रशासन और व्यवसाय जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। ऐसे में उन्हें निर्णय लेने वाली संस्थाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ कवियत्री एवं लेखिका माया सिंह सहित अन्य महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और उपस्थित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सरकारी योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में महिलाएं एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में महिलाओं ने 'नारी शक्ति वंदन अभियान' को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# नगर के छात्र छात्राओ ने सीबीएससी 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एम.एल. कॉन्वेंट द स्पेस साइंस लैब स्कूल एवं एसएस कन्हैयालाल अग्रवाल मैमोयिरल बाल विद्या मंदिर के छात्रों ने 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एमएल कावेंट स्कूल में 10 बच्चों ने 80: से 90: फीसदी के बीच अंक अर्जित किये। सात बच्चों ने 75 से 80: फीसदी के बीच अंक हासिल किए। इसी के साथ 60 से 70: फीसदी के बीच 19 बच्चे रहे। सभी सफल विद्यार्थियों और अभिभावकों का माला पहनाकर, तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें दर्शिका पटेल 86.2, प्रगति गुप्ता 85.8, सौम्या वर्मा 85.8, अक्षरा गुप्ता 83.8, श्रष्ठी पाटकर 83.6, कृष्णा पटेल 83, अलीशा बरकाती 81.2, गौरी सिंह राजावत 80, अलशिफा बरकाती 80, कृष्णा वर्मा 79.6 फीसदी अंक प्राप्त किए। दर्शिका पटेल ने तीन विषयों अंग्रेज़ी, विज्ञान, हिंदी में टॉप किया। अक्षरा गुप्ता ने गणित एवं आईटी में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। 11 बच्चों ने किसी एक विषय में 90 से 100 के बीच अंक हासिल किए और 38 बच्चों ने 80 से 90 के बीच किसी एक विषय में अंक हासिल किया। प्रबंधक गौरव गुप्ता के साथ शिक्षक बलवीर, रामहेत, सुनील त्रिपाठी, नकुल, वीरेंद्र ने बच्चों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। उधर, एसएस कन्हैया लाल अग्रवाल मैमोरियल बाल विद्या मंदिर के उपप्रधानाचार्य आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि 10वीं कक्षा में आशीष बिनौरिया ने 93 फीसदी अंकों के साथ नगर में पहला स्थान प्राप्त किया। माधव पांडे ने 92.4, शिव चौबे ने 89.8, जयकिशन ने 87.4, अनीका ने 87, कृष्ण गोविंद 86.8, शिफा आजाद मंसूरी 86.2, अनुज दोहरे 86, अलफी 84.8, अमन 84.8, उत्कर्ष चतुर्वेदी ने 84.6, उत्कर्ष 83.6, हर्षिता पटेल 82, गौरी शर्मा 81, आस्था गुप्ता 80.4, पार्थ शर्मा ने 80.2 फीसदी अंक प्राप्त किए। 13 छात्रों ने 70 से 80 फीसदी अंक प्राप्त किए। श्रुति श्रीवास्तव ने 93 फीसदी अंक प्राप्त किए। सभी मेधावियों को प्रबंधक पूरनलाल अग्रवाल, उपप्रबंधक विपुल अग्रवाल एवं निर्देशिका खुशबू अग्रवाल ने मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य आशीष चतुर्वेदी, रश्मि सेठ, अनंत श्रीवास्तव, उपेंद्र सिंह सेंगर, ईशा सेंगर, अभिलाषा गुप्ता, कमल प्रताप सिंह, विनय गुप्ता, सोमेष तिवारी, दीपेंद्र, रंजना गुप्ता, अजय बाजपेई आदि रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम-प्रचार अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन-उरई।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम-प्रचार अभियान के अंतर्गत सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर समर्थन जताया।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस अभियान में में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया कि वे महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबरी का अधिकार दिए जाने के पक्ष में हैं। इस दौरान छात्राओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सरकार द्वारा जारी मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर भी अपना समर्थन दर्ज कराया। इस पहल के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के अध्यक्ष नितिन मित्तल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के लिए एक ऐतिहासिक पहल है, जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। इससे महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी मिलेगी और वे देश के विकास में और अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने मिलकर महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में उनकी बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भूमि सेंगर, सलोनी शिवहरे, अंशिका सोनी, निशा बुधैलया, सरस्वती, अंशिका, सोना, अक्षरा, अम्रता, सोनाली, स्फूर्ति, नूर अलमा, जोया आदि मौजूद रहे।

# यूजीसी एवं एससी एक्ट कानून को संघर्ष कर खत्म कराएंगे : राजेंद्र नाथ त्रिपाठी

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन।** राष्ट्रीय अध्यक्ष के मध्य प्रदेश आगमन पर जिला अध्यक्ष ने अपने ब्राह्मण साथियों के साथ माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया।

बुधवार की देर शाम अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी अमला जैसे ही दुर्गा मंदिर चौराहे में आया उनके स्वागत के लिए अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा जिला अध्यक्ष राजू पाठक ने अपने साथियों के साथ उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वागत लेने के उपरांत मौजूद विप्र बंधुओ से कहा कि जो कानून अपने समाज एवं सवर्ण वर्ग लोगों के लिए केंद्र सरकार के द्वारा पास किया गया है हम सभी लोग इसकी लड़ाई बराबर लड़ेंगे इस काले कानून को खत्म करने में सदैव अग्रसर रहूंगा सिर्फ आप लोगों से सहयोग की अपेक्षा करता हूं उन्होंने कहा कि सभी विप्र बंधु संगठित होकर अपने संगठन को दिनोदिन अच्छे मुकाम में पहुंचाने के लिए सदैव अग्रसर रहने का आवाहन किया इसके बाद उनका काफिला मध्य प्रदेश उज्जैन के लिए कूच कर गया स्वागत करने वालों में मनोज चतुर्वेदी सभासद प्रतिनिधि विवेक दीक्षित हरिश्चंद्र दीक्षित मनोज पांडे दीपक शर्मा प्रशांत शुक्ला अखिलेश अवस्थी कल्लू पंडित पूर्व सभासद दिलीप पाठक आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अंबेडकर जयंती पर युवा संवाद की गूंज, प्रतिभाओं को मिला सम्मान

## विचार गोष्ठी में युवाओं को मिला प्रेरणा का संबल, सफल अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** डा0 भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर दयानंद वैदिक कॉलेज, रामनगर उरई में एक प्रेरणादायी युवा संवाद एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के अंतर्गत किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक गौरीशंकर वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डा0 भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष, उनके विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे युवा अपने जीवन को दिशा दे सकते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। विचार गोष्ठी में युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत कर अंबेडकर जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में अनुप गुप्ता (सीएसआईआर), रिया तिवारी (एम्स), श्रद्धा देवी (अग्निवीर), शुभम गुप्ता (एसएससी), मुस्कान रत्नाकर, सिजल सिंह, दीक्षा पांचाल, प्रतीक्षा पांचाल, सोनू पटेल, दीपशिखा एवं रणविजय सिंह सहित अन्य सफल अभ्यर्थी शामिल रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में शिक्षा, प्रेरणा और उपलब्धि का एक सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, जिसने युवाओं को आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा प्रदान की।

# शासन द्वारा नामित सभासदो का किया गया सम्मान

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर पालिका परिषद के नवनियुक्त नामित सभासदों के सम्मान में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पालिका के पास स्थित लोहिया इंपोरियम पर आयोजित किया गया, जहां उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय लोहिया, नीलम लोहिया तथा इंजीनियर आलोक लोहिया ने सभी नवनियुक्त सभासदों का शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस अवसर पर सम्मानित होने वाले नामित सभासदों में सुनील शर्मा, सुनील लोहिया, महेंद्र सोनी, अरविंद निरंजन और कृष्णा झा शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सभी नामित सभासदों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की तथा नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक व राजनीतिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों की भी उपस्थिति रही। उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह तथा विधायक मूलचन्द्र निरंजन,पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता का भी शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय लोहिया ने कहा कि नगर के विकास में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनियुक्त सभासद नगर के विकास कार्यों को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम में राजेन्द्र मास्टर, मनीष नगरिया, मृदुल दांतरे, अवध यादव, विकास पटेल धनोरा, विनोद महेशपुरा वाले, सुभाष गुप्ता आदि व्यापारी, गणमान्य नागरिक और क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती बनी वैचारिक महाकुंभ, जोल्लूपुर में उमड़ा जनसैलाब

## नीली पगड़ियों और जयकारों से गूंजा अंबेडकर पार्क, ऐतिहासिक रैली का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई /कालपी।** बुंदेलखंड की धरती पर स्थित जोल्लूपुर का अंबेडकर पार्क मैदान मंगलवार को एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को अभूतपूर्व उत्साह और जनसहभागिता के साथ मनाया गया। यह आयोजन केवल एक पारंपरिक जयंती समारोह नहीं रहा, बल्कि सामाजिक चेतना और वैचारिक जागरूकता का एक विराट मंच बन गया।

बहुजन नायक/महानायक जन्मोत्सव आयोजन संयुक्त समिति के बैनर तले आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह से ही क्षेत्र में उत्सव का माहौल था, जो दोपहर तक जनसैलाब में तब्दील हो गया। नीली पगड़ियों से सजी भीड़ और 'जय भीम' के गगनभेदी नारों ने पूरे क्षेत्र को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवपाल मास्टर जी ने की। उनके नेतृत्व में मोती नगर अंबेडकर पार्क से भव्य रैली निकाली गई, जो पूरे नगर में भ्रमण करते हुए पुनः आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। रैली के दौरान लोगों में जबरदस्त जोश देखने को मिला। युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस आयोजन में समिति के कई प्रमुख सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिनमें शिशुपाल सर, शोभा, रोहित कुमार, राघवेंद्र (लीवल), प्रजेन्द्र (विक्की), अनुकुमार बेशू, राजेश (लल्लूराम), चंद्रशेखर, पंकज, भानुप्रताप, मोनू (डी.पी. सिंह), सुलभ, मिनेश, विक्रम, देवेन्द्र, सौरभ, करन, अर्जुन, विशाल, अर्मन, कुनाल, संदीप, अनुराग गौतम, सुशील, अंकित, अमित (दाऊ), रितु और मनोज सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रभूदया, रामेशंकर, अच्छेमाल, कमाल, राजसिंह, प्रमोद, कुलदीप, मनीराम, रामशंकर, परीक्षित, भगताजी, मनोज कुमार, प्रकाश, संतोष, राममोहन, लाखन, देवीदीन, बुद्दीप्रसाद ठेकेदार, रामसनेही, देवनारायण और बब्लू मैनाडी सहित कई लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। महिलाओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और उत्साह का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। मंच से वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने समाज को शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन ने न केवल जोल्लूपुर बल्कि पूरे क्षेत्र में एक नई चेतना का संचार किया। अंबेडकर जयंती के इस महोत्सव ने यह साबित कर दिया कि बाबा साहेब के विचार आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

# नारियों का अधिकार बढ़ने पर विद्यालय की छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मनाया जश्नन

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन।** मोहल्ला राम चबूतरा स्थित नगर में आर्य कन्या इंटर कॉलेज कालपी नारी शक्ति बंदन को केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नारियों को सर्वाधिक आरक्षण देकर महिलाओं के घर से लेकर विद्यालय तथा चौराहों में खुशी की लहर दौड़ गई विद्यालय की प्रधानाचार्य ललनी सिंह प्रवक्ता संगीता त्रिपाठी नैंसी तिवारी अलका पुरवार आदि स्टाफ ने गुरुवार को सुबह विद्यालय की छात्राओं को विद्यालय के बाहर बाजार जाने वाली सड़क पर मानव श्रृंखला बनाकर सभी लोगों ने खुशी जताकर केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया।

# मदरसे के मंच पर बजरंगबली पर आपत्तिजनक प्रस्तुति

## बदायूं जिले में विवादित वीडियो वायरल होने पर हंगामा



(यंग भारत न्यूज)

**बदायूं।** प्रदेश के बदायूं जिले के अलापुर थाना क्षेत्र स्थित कस्बा ककराला में एक मदरसा-सह स्कूल के वार्षिक उत्सव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामायण के पात्रों को आपत्तिजनक तरीके से प्रस्तुत किया गया और बजरंगबली का मज़ाक उड़ाया गया, जिससे हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश फैल गया है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो बदायूं जिले के एचके पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह का है। वायरल क्लिप में मंच पर कलाकारों द्वारा बजरंगबली को कथित रूप से डीएम ऑफिस के बाबू जैसी अपत्तिजनक टिप्पणी कर और संवादों के जरिए धार्मिक आस्था पर कटाक्ष किया गया। वीडियो में यह भी दिखाया गया कि एक पात्र भगवान से गैस सिलेंडर की मांग कर रहा है और बदले में अगरबत्ती-प्रसाद जैसी चीजें देने और वापस मांगने जैसे संवाद बोले जा रहे हैं।

### हिंदूवादी संगठनों ने जताई आपत्ति

सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे इस वीडियो को लेकर विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने कड़ी अपत्ति जताई है। उनका कहना है कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली इस प्रस्तुति के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। संगठनों ने संबंधित स्कूल प्रबंधन और कार्यक्रम के आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

### संवादों में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल

स्थानीय कुछ लोगों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किए गए संवादों में कई जगह आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि, अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन मामला तूल पकड़ता देख प्रशासन सतर्क हो गया है।

### विश्व हिंदू परिषद ने दिया अल्टीमेटम

इस मामले में विश्व हिंदू परिषद बदायूं के विभाग संगठन मंत्री योगेश पाठक ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ककराला के एक विद्यालय में वर्तमान में चल रही गैस सिलेंडर की समस्या पर व्यंग नाटक प्रस्तुत किया गया, लेकिन उसमें देवी-देवताओं को शामिल कर विशेष रूप से हनुमान जी का मजाक बनाया गया, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। किसी भी धर्म या उसके प्रतीकों का उपहास करने का अधिकार किसी को नहीं है। प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने बताया कि इस संबंध में शिकायती पत्र दिया जा चुका है। योगेश पाठक ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो बजरंगदल, विश्व हिंदू परिषद और अन्य सनातनी संगठन एकजुट होकर संबंधित विद्यालय में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करेंगे।

### बढ़ता विवाद, कार्रवाई पर टिकी नजरें

इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर सार्वजनिक मंचों पर धार्मिक विषयों की प्रस्तुति और उसकी मर्यादा को लेकर बहस छेड़ दी है। फिलहाल पूरे जिले की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है। यदि समय रहते स्थिति को संभाला नहीं गया तो यह विवाद और बढ़ सकता है। वायरल वीडियो की क्या सच्चाई है, इस संबंध में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न का मामला

## जांच में चौंकाने वाले खुलासे




कंसल्टेंसी सर्विसेज की नासिक शाखा में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के मामले ने कॉर्पोरेट क्षेत्र में हलचल मचा दी है। इस मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम को कई चौंकाने वाले तथ्य मिले हैं।

### कंपनी में सक्रिय सिंडिकेट

जांच में यह सामने आया है कि कंपनी के भीतर एक संगठित समूह काम कर रहा था, जिसमें कर्मचारियों से लेकर वरिष्ठ एचआर प्रबंधक शामिल थे। ये लोग प्रशिक्षण के दौरान हिंदू देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणियां करते थे और मानसिक रूप से कमजोर कर्मचारियों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करते थे।

### ट्रेनिंग टीम का शिकार

पुलिस के अनुसार, आरोपी मुख्य रूप से कंपनी की ट्रेनिंग टीम के सदस्य थे और उनके पास नए कर्मचारियों का पूरा डेटाबेस था। वे जानबूझकर ऐसे युवाओं को निशाना बनाते थे, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी या जो पारिवारिक समस्याओं का सामना कर रहे थे।

### एचआर मैनेजर की चालाकी

ट्रेनिंग के दौरान, आरोपी हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अपमानजनक बातें करते थे। जब कोई नया कर्मचारी इस माहौल से परेशान होता, तो एचआर मैनेजर निदा खान उसे सांत्वना देने के बहाने अपने पास बुलाती थीं। धीरे-धीरे उस कर्मचारी का ब्रेनवॉश किया जाता और उसे अपने पहनावे और रहन-सहन में बदलाव के लिए मजबूर किया जाता।

### घर से देवी-देवताओं की तस्वीरें हटाना

इस सिंडिकेट का ब्रेनवॉश इतना गंभीर था कि एक महिला कर्मचारी ने अपने घर से सभी हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरें हटा दीं। जब उसके परिवार ने इसका विरोध किया, तो उसने उनसे भी झगड़ा किया। पुलिस को आरोपियों के फोन से एक 'वॉट्सऐप ग्रुप' भी मिला है, जिसका उपयोग वे अपने नए शिकार पर चर्चा करने के लिए करते थे।

### महिलाओं की शिकायतें

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब 8 महिला कर्मचारियों ने अपने सीनियर्स पर मानसिक और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। उनका कहना था कि एचआर विभाग उनकी शिकायतों को अनसुना कर रहा था। इसके बाद SIT का गठन किया गया और पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया। अब पुलिस इन गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस संगठित रैकेट के पीछे कोई अवैध फंडिंग तो नहीं है। फरार एचआर मैनेजर की तलाश जारी है।

# 'या तो पैसे दे या अधेड़ उम्र के मुसलमान के साथ सो': लड़कियाँ फँसाने के लिए कोचिंग में एडमिशन लेता था अमरावती में मोहम्मद अयान का गैंग

## अश्लील वीडियो बनाकर करते थे ब्लैकमेल




(यंग भारत न्यूज)

महाराष्ट्र। अमरावती में नाबालिग हिंदू लड़कियों के साथ यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग, धर्मांतरण मामले में Future Hunt और Akash नाम के कोचिंग के नाम सामने आए हैं। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में नाबालिग हिंदू लड़कियों के साथ यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग, धर्मांतरण और अश्लील वीडियो बनाने के मामले में जाँच तेज कर दी गई है।

मुख्य आरोपित 19 वर्षीय मोहम्मद अयान उर्फ तनवीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ उजेर खान इकबाल खान समेत कई अन्य आरोपितों की भी गिरफ्तारी हुई है। जाँच में सामने आया है कि ये लड़के 'बारूद गैंग' नाम के एक गैंग का हिस्सा थे। यह गैंग लोकल लेवल पर एक्टिव है और गैर-कानूनी रेत माइनिंग और बीफ के व्यापार से जुड़ा है। यह गैंग अरमान नाम का शख्स चलाता था और कथित तौर पर यहीं से आरोपितों को फंडिंग मिलती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद ने IPS डॉ शुभम कुमार के नेतृत्व में एक विशेष जाँच दल (SIT) का गठन किया है। कोचिंग जिहाद के इस मामले में Future Hunt और Akash नाम के दो कोचिंग सेंटर्स के नाम सामने आए हैं।

### कोचिंग सेंटर, सोशल मीडिया और ब्लैकमेलिंग का जाल

आरोपित अमरावती के मेडिकल कोचिंग संस्थानों में एडमिशन लेकर वहाँ पढ़ने वाली कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं की छात्राओं से दोस्ती करते। Future Hunt और Akash दो कोचिंग के नाम सामने आए हैं। दोस्ती के बाद लड़कियों को स्नैपचैट और टेलीग्राम ग्रुप्स में जोड़ा जाता, जहाँ मजहबी कंटेंट साझा किए जाते थे और ब्रेनवॉश करने की कोशिश की जाती थी। धीरे-धीरे भरोसा जीतकर आरोपित लड़कियों को कैफे और होटलों में ले जाते, महंगे गिफ्ट देते और फिर निजी संबंध बनाकर उनके अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लेते थे। यही वीडियो बाद में ब्लैकमेलिंग के काम आते थे। बारुद गैंग का अरमान और उसका गैंग लड़कियों के अश्लील क्लिप्स का इस्तेमाल करके उनसे पैसे भी ऐंठते थे।

### 'फेवर' में अधेड़ उम्र के मुस्लिमों के साथ सोने को कहते थे आरोपित

जाँच में सामने आया है कि जब लड़कियाँ उनकी माँगें पूरी नहीं कर पाती थीं तो उनसे कहा जाता था कि वीडियो डिलीट करवाने के बदले वे कुछ 'फेवर' करें। जाँच में सामने आया है कि आरोपित फेवर के तौर पर वे हिंदू लड़कियों से कहते थे कि वे अधेड़ उम्र के मुस्लिम पुरुषों के साथ सोएँ। कथित तौर पर ये बारूद गैंग के सदस्य या किसी पॉलिटिकल पार्टी के सदस्य होते थे। जो लड़कियाँ ऐसा करने से इंकार करती थी, उनकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए जाते थे। यह सब पिछले डेढ़ साल से चल रहा है और पिछले साल तो एक लड़की ने सुसाइड भी कर लिया था। यह भी सामने आया कि मोहम्मद अयान के असदुद्दीन ओवैसी की AIMIM पार्टी से कनेक्शन हैं। वह खुद भी AIMIM का कार्यकर्ता रह चुका है। मोहम्मद अयान के सोशल मीडिया पर AIMIM के अमरावती अध्यक्ष हाजी इरफान खान के साथ तस्वीरें मिली हैं। अब तक पुलिस ने 8 पीड़िताओं की पहचान की है, हालाँकि आशंका है कि संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। आरोपित अयान के घर पर बुलडोजर एक्शन भी हुआ है।

# 3 बीवियां, करोड़ों का साम्राज्य... 'करोड़पति चपरासी' की इस तरह खुली पोल, सच्चाई जान उड़ जाएंगे होश




(यंग भारत न्यूज)

**पीलीभीत।** प्रदेश के पीलीभीत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) कार्यालय में कार्यरत एक चपरासी करोड़ों के घोटाले का आरोपी निकला। आरोपी इल्हाम उर्र रहमान शम्सी पर आरोप है कि उसने 53 बैंक खातों के जरिए करोड़ों रुपये का गबन किया। जांच के दौरान 5 करोड़ रुपये से अधिक की संदिग्ध राशि फ्रीज की गई है।

इस मामले में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि शम्सी की तीन पत्नियां हैं, जो अलग-अलग जिलों में रहती हैं। आरोप है कि उसने अपनी एक पत्नी अर्शी खातून को फर्जी तरीके से सरकारी टीचर दिखाकर उसके खाते में वेतन ट्रांसफर किया। बताया गया है कि उसने सैलरी फंड से गलत लाभार्थी बनाकर 98 ट्रांजेक्शन किए और एक करोड़ से ज्यादा रकम अपनी पत्नी के खाते में भेज दी। जांच में यह भी सामने आया कि शम्सी ने कई बिल्डरों के नाम पर भी बड़ी रकम ट्रांसफर की। पीलीभीत में रहने वाली पत्नी के खाते में 33.30 लाख रुपये की एफडी कराई गई, जबकि बुलंदशहर के खुर्जा में रहने वाली दूसरी पत्नी के खाते में 25 लाख रुपये जमा कराए गए। तीसरी पत्नी के खातों की जांच अभी जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शम्सी पहले बीसलपुर के एक कॉलेज में चपरासी था, लेकिन 2014 में उसने जुगाड़ लगाकर छ्ढ्ढह्स कार्यालय में तबादला करवा लिया। इसके बाद उसने अधिकारियों से संपर्क बढ़ाकर सिस्टम का फायदा उठाया। इस साल फरवरी में बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर ने संदिग्ध लेनदेन की जानकारी प्रशासन को दी, जिसके बाद पूरा मामला उजागर हुआ। शम्सी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उसे पहले अग्रिम जमानत मिली थी, लेकिन समय पूरा होने के बाद उसने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। प्रशासन अब पूरे नेटवर्क और गबन की राशि की गहराई से जांच कर रहा है। यह मामला सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार और सिस्टम की कमजोरियों को उजागर करता है, जहां एक मामूली कर्मचारी ने बड़े स्तर पर वित्तीय घोटाला अंजाम दिया।

# बक्से में रखे हैं हैदराबाद के निजाम के गहने.' कारोबारी ने ऐसा कहा और हो गया खेला; गजब है 50 करोड़ की ये हेराफेरी



(यंग भारत न्यूज)

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजपरिवार और निजाम नवाबों की विरासत से जुड़ा एक बड़ा घोटाला सामने आया है. निजाम कालीन आभूषणों के नाम पर 50.8 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी ने शहर के कारोबारी हलकों में सनसनी फैला दी है.इस मामले में चर्चित कारोबारी सुकेश गुप्ता का नाम एक बार फिर सामने आया है, जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है.

बंजारा हिल्स के व्यवसायी राजेश अग्रवाल की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोप है कि उन्हें यह कहकर झांसे में लिया गया कि निजाम दौर के 5 बेहद कीमती ज्वैलरी बॉक्स सरकारी कब्जे में हैं और उन्हें छुड़ाकर बेचने पर भारी मुनाफा होगा. आरोपियों ने पीड़ित को इस डील में हिस्सेदारी का भरोसा दिलाया. शिकायत के मुताबिक, मुख्य आरोपी जाकिर उस्मान और ज्वैलर सुकेश गुप्ता ने 2016 में एक समझौता कर राजेश से किश्तों में 50.8 करोड़ रुपये वसूल लिए थे.

### अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराए पैसे

पुलिस के अनुसार, यह रकम 2016 से 2018 के बीच अलग-अलग रियल एस्टेट और ज्वेलरी कंपनियों के खातों में ट्रांसफर कराई गई, लेकिन आभूषण छुड़ाने के बजाय इस पैसे का इस्तेमाल अन्य कारोबारी गतिविधियों में किया गया. जब पीड़ित को संदेह हुआ और उन्होंने जानकारी जुटाई, तब कथित धोखाधड़ी का खुलासा हुआ. शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है.

### क्या है 5 ज्वैलरी बॉक्स में?

इस केस का सबसे अहम पहलू वह पांच ज्वैलरी बॉक्स हैं, जिनमें कथित तौर पर निजाम काल के बेशकीमती आभूषण रखे होने की बात कही जा रही है. फिलहाल ये बॉक्स सरकारी निगरानी में बैंक लॉकर में बताए जा रहे हैं. पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों को इन आभूषणों पर अधिकार कैसे मिला और क्या इसमें किसी अधिकारी की भूमिका रही है.

### गोल्ड स्कैम का मास्टरमाइंड था सुकेश

सुकेश गुप्ता पहले भी एमएमटीसी लिमिटेड को 504 करोड़ रुपये से अधिक के गोल्ड स्कैम में ईडी की जांच के दायरे में रह चुके हैं. ईडी ने उन्हें उस घोटाले का मास्टरमाइंड बताया था. पुलिस दो बिंदुओं पर जांच कर रही है. 50.8 करोड़ रुपये कहां गयए और निजाम ज्वैलरी पर मालिकाना दावा किस आधार पर किया गया था.

### क्या था गोल्ड स्कैम?

ईडी ने गोल्ड स्कैम मामले में सुकेश के आवासों पर छापा मारा था और भारी मात्रा में आभूषण जब्त किए थे. आरोप है कि उसने कम मार्जिन पर सोने की छड़ें खरीदीं और विभिन्न माध्यमों से पैसे का गबन किया. ईडी ने पाया कि सुकेश गुप्ता ने अपनी कंपनियों के माध्यम से एमएमटीसी लिमिटेड से बायर क्रेडिट लोन पद्धति से सोने की छड़ें खरीदीं और 5% अतिरिक्त मार्जिन का भुगतान किए बिना फॉरेक्स पोजीशन खुली रखी. इसके कारण एमएमटीसी लिमिटेड को 549.06 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ.

# बैंक फ्रॉड मामले में अनिल अंबानी को राहत नहीं : एससी ने कहा- फ्रॉड घोषित हो सकता है बैंक अकाउंट, बॉम्बे हाईकोर्ट का आदेश बरकरार

**नई दिल्ली।** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अंबानी की उस याचिका पर राहत देने से इनकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जो बैंकों को उनके लोन अकाउंट को 'फ्रॉड' (धोखाधड़ी) घोषित करने की अनुमति देता है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच का आदेश इस मामले में लंबित सिविल सूट के आड़े नहीं आएगा। दरअसल, इंडियन ओवरसीज बैंक सहित दो अन्य बैंकों ने अनिल अंबानी के लोन अकाउंट को 'फ्रॉड' के तौर पर क्लासिफाई करने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके खिलाफ अंबानी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दिसंबर 2023 में हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच ने अंबानी को अंतरिम राहत देते हुए बैंकों की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। हालांकि, बाद में हाईकोर्ट की ही डिवीजन बेंच ने इस रोक को हटा दिया और बैंकों को आगे बढ़ने की अनुमति दे दी। इसी फैसले को अंबानी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान अनिल अंबानी के वकील ने कोर्ट को बताया कि वे बैंकों के साथ इस मामले को सुलझाना चाहते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ किया कि सेटलमेंट के विषय पर उनकी कोई राय नहीं है, यह बैंकों और कर्जदार के बीच का मामला है। अगर बैंक किसी अकाउंट को 'फ्रॉड' घोषित कर देते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम होते हैं। फइक के नियमों के मुताबिक, फ्रॉड घोषित होने के बाद संबंधित व्यक्ति या कंपनी को भविष्य में बैंकिंग सिस्टम से किसी भी तरह का कर्ज मिलने में भारी मुश्किल आती है। साथ ही, केंद्रीय जांच एजेंसियां जैसे उइक भी इस मामले में अपनी जांच शुरू कर सकती हैं। पिछले कुछ सालों में अनिल अंबानी की कई कंपनियां दिवालिया प्रक्रिया से गुजरी हैं। रिलायंस कम्युनिकेशन, रिलायंस नेवल और रिलायंस कैपिटल जैसी कंपनियों पर भारी कर्ज रहा है। हाल ही में रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रा ने अपने कुछ कर्ज चुकाकर खुद को कर्ज मुक्त करने की कोशिश की है, लेकिन पुराने बैंक लोन के क्लासिफिकेशन के मामले अब भी उनके लिए कानूनी चुनौती बने हुए हैं।

# नाडा की आरपीटी सूची में बदलाव, श्रेयस-स्मृति की जगह अभिषेक-अक्षर


नई दिल्ली

टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है।

### नाडा की सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल



### एथलेटिक्स के सर्वाधिक खिलाड़ी



नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी, जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। लंबी कूद में हिस्सा लेने वाली शैली सिंह और एम श्रीशंकर तथा गोला फेंक की एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर को भी इस सूची में शामिल किया गया है। तीरंदाजी से अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी, राकेश कुमार और मशहूर पैरा तीरंदाज शीतल देवी नाडा की इस सूची में शामिल हैं। हॉकी से मनप्रीत सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह के साथ-साथ महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे, सविता पूनिया और नवनीत कौर भी इस सूची का हिस्सा हैं।

### पंड्या, पंत और बुमराह बरकरार



टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।

### बैडमिंटन के 8 खिलाड़ी शामिल



बैडमिंटन से आठ खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया गया है, जिनमें पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और गायत्री गोपीचंद प्रमुख हैं। इस सूची में 22 मुक्केबाज शामिल हैं। इनमें विश्व पदक विजेता निकहत जरीन, निशांत देव और जैस्मीन लैंबोरिया के साथ-साथ ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन भी शामिल हैं। कुश्ती से 31 खिलाड़ियों को इस सूची में जगह दी गई है। इनमें ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### हार्दिक ने छेत्री को भेंट की एमआई की जर्सी

**मुंबई।** भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (एमआई) के ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे थे। इस दौरान एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने छेत्री को एमआई की जर्सी भेंट की। ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे सुनील छेत्री से एमआई के कई खिलाड़ी बात करते हुए नजर आए। छेत्री ने महेला जयवर्धने, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर और कप्तान हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों से बातचीत की और अपने शानदार करियर के अनुभव शेयर किए। छेत्री ने कहा, मैं स्टेडियम में बहुत बार नहीं गया हूं, लेकिन जब भी आया हूं, तो यह एक अद्भुत एहसास है। यहां आकर खेल को अलग तरह से देखना बहुत अच्छा है। मैं मुंबई इंडियंस और फैंस को न केवल इस मैच के लिए बल्कि पूरे टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

### भारत के लिए सारे प्रारुप में खेलना वरदान : सुंदर



**नई दिल्ली।** वॉशिंगटन सुंदर का मानना है कि क्रिकेट का कैलेंडर अति व्यस्त होने के कारण हर प्रारुप में खेलने वाले खिलाड़ी अब बिरले होते हैं लेकिन इस जमात का हिस्सा बनना खूबसूरत वरदान है, बड़ी चुनौती नहीं । भारत के लिए 2017 में पहली बार खेलने वाले सुंदर को कैरियर में कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है। वह हालांकि पिछले 18 महीने से भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। उन्होंने कहा,' भारतीय क्रिकेट के लिए हर प्रारुप खेलना बड़ा वरदान है। हम सभी को पता है कि भारतीय टीम हमेशा किस तरह का क्रिकेट खेलती है।


### एटीपी टूर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा इटली

**रोम।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर की लोकप्रियता का प्रभाव उनके देश इटली की टेनिस पर भी स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है, जो एटीपी फ़ाइनल और डेविस कप फ़ाइनल के बाद अब विंबलडन की तैयारी से जुड़े एक एटीपी टूर्नामेंट की भी मेजबानी करेगा। यह टूर्नामेंट 2028 से घास के कोर्ट पर खेला जाएगा। इसका आयोजन मिलान के सैन सिरो स्टेडियम में किया जा सकता है। सिनर ने पिछले साल विंबलडन का खिताब जीता था। इटली के टेनिस महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनाघी ने कहा कि उसने 250 स्तर के एटीपी टूर टूर्नामेंट के अधिकार खरीद लिए हैं। यह टूर्नामेंट 2028 से प्रत्येक साल जून में खेला जाएगा।

## आईपीएल : रसिख ने चार और भुवनेश्वर ने तीन विकेट झटके

# लखनऊ को पांच विकेट से हरा बेंगलुरु शीर्ष पर पहुंचा

बेंगलुरु



सिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की तूफानी गेंदबाजी के बाद विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

सुपर जाइंट्स के 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोहली की 34 गेंद में छह चौकों और एक छक्के से 49 रन की पारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 149 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल (10) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन भी जोड़े। सुपर जाइंट्स की ओर से प्रिंस यादव (32 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को पांच मैच में तीसरी हार से नहीं बचा पाए। इस जीत से बेंगलुरु की टीम पांच मैच में चार जीत से आठ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। राजस्थान रॉयल्स के भी आठ अंक हैं लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। रसिख (24 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर (27 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम पारी की अंतिम गेंद पर 146 रन पर सिमट गई। कृणाल पंड्या ने भी 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन का योगदान दिया लेकिन तीनों में से कोई भी अच्छी शुरुआत को बड़ी परी में नहीं बदल पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बेंगलुरु को कोहली ने तेजतर्रार शुरुआत दिलाई। टीम ने दूसरे ओवर में ही फिल सॉल्ट (07) का विकेट गंवा दिया जो प्रिंस यादव की गेंद को विकेटों पर खेल गए। कोहली ने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने तीसरे ओवर में मोहम्मद शमी पर दो चौके जड़ने के बाद अगले ओवर में प्रिंस पर चार चौके मारे।

कोहली ने दिग्वेश राठी पर छक्के के साथ पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। टीम ने पावर प्ले में एक विकेट पर 60 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल हालांकि 10 रन बनाने के बाद आवेश खान की गेंद पर स्थानापन्न खिलाड़ी हिम्मत सिंह को कैच दे बैठे। कप्तान रजत पाटीदार ने आते ही शमी पर लगातार दो छक्के मारे। आवेश ने इसके बाद बेंगलुरु को बड़ा झटका दिया जब कोहली उनकी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर निकोलस पूरन को कैच दे बैठे। जितेश शर्मा ने राठी की लगातार गेंदों पर दो छक्के और दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। प्रिंस ने पारी के 13वें ओवर में पाटीदार (13 गेंद में 27 रन, तीन छक्के, एक चौका) और जितेश (नौ गेंद में 23 रन, दो छक्के, दो चौके) को पवेलियन भेजकर बेंगलुरु को दोहरा झटका दिया।

**लखनऊ-146/10**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श बो कृणाल | 40 |
| मारक्रम का पडिक्कल बो रसिख | 12 |
| ऋषभ पंत का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 01 |
| निकोलस पूरन बो हेजलवुड | 01 |
| आयुष बडोनी का जितेश बो रसिख | 38 |
| समद का पाटीदार बो कृणाल | 00 |
| मुकुल चौधरी बो रसिख | 39 |
| जॉर्ज लिंडे का डेविड बो भुवनेश्वर | 07 |
| मोहम्मद शमी बो भुवनेश्वर | 00 |
| आवेश खान बो रसिख | 01 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 07

कुल:20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 146 रन

विकेट पतन: 1-32, 2-35, 3-71, 4-83, 5-118, 6-124, 7-137, 8-137, 9-145

गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-27-3, हेजलवुड 4-0-20-1, रसिख 4-0-24-4, कृणाल 4-0-38-2, सुयश 4-0-34-0,

**बेंगलरु-149/5**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट बो प्रिंस | 07 |
| कोहली का पूरन बो आवेश | 49 |
| पडिक्कल का हिम्मत बो आवेश | 10 |
| रजत पाटीदार का राठी बो प्रिंस | 27 |
| जितेश शर्मा का चौधरी बो प्रिंस | 23 |
| टिम डेविड नाबाद | 14 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 14 |

अतिरिक्त:05


कुल:15.1 ओवर में पांच विकेट पर: 149 रन

विकेट पतन: 1-9, 2-66, 3-86, 4-121, 5-122

गेंदबाजी: शमी 3-0-30-0, प्रिंस 3-0-32-3 राठी 4-0-51-0, आवेश 4-0-23-2, लिंडे 1.1-0-9-0

## वर्ल्ड चैंपियन एक्सलसन ने छोड़ दिया बैडमिंटन

- 2017 व 2022 में वर्ल्ड चैंपियन बने थे एक्सलसन
- 32 साल के एक्सलसन अक्टूबर 2025 से किसी प्रतियोगिता में नहीं हुए शामिल



नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है। चैंपियन एक्सेलसन ने कहा, ' जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।'

## वैशाली ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता, विश्व खिताब के लिए जू वेनजुन को चुनौती देंगी

पाफोस (साइप्रस)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने बुधवार को यहां अहम मौके पर अपना संयम बनाए रखा और शानदार वापसी करते हुए आखिरी दौर में कैटरीना लेगनो को हराकर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। लंबे समय तक अपने छोटे भाई आर प्राज्ञानानंदा की सफलता के साए में खेलने वाली आर वैशाली को इसके साथ इस साल के आखिर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में चीन की जू वेनजुन का सामना करने का अधिकार मिल गया। वैशाली ने कुल 8.5 अंक हासिल किए और कोनेरू हम्पी के नक्शेकदम पर चलते हुए ऐसी उपलब्धि हासिल की जो देश में महिला शतरंज के लगातार बढ़ते कद को दर्शाती है। ओपन वर्ग में जावोखिर सिंदारोव ने चीन के वेई यी के साथ बाजी ड्रॉ खेली और 9.5 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल किया। भारत के प्रज्ञानानंदा ने अमेरिकी स्टार हिकारू नाकामुरा के साथ बाजी ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट का समापन किया।

## धीमी ओवर गति के लिए रहाणे को दंड, लगा जुर्माना

चेन्नई



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

केकेआर को मंगलवार को खेले गए इस मैच में 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम वर्तमान सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। आईपीएल के अनुसार, ' कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच के दौरान उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया है, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, इसलिए रहाणे पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।' केकेआर का अगला मुकाबला शुक्रवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से होगा।

## न्यूजीलैंड महिला फुटबॉल टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई

ऑकलैंड



न्यूजीलेंड ने ओसियाना महासंघ क्वालीफाइंग सीरीज में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 1-0 से हराकर ब्राजील में अगले महीने होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई। इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्ले ऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा। न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।

## 19 साल के मूडी का कमाल, अस्पताल से निकलते ही वर्ल्ड स्नूकर में एंट्री

नई दिल्ली

19 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी स्टैन मूडी टॉन्सिलाइटिस के इलाज के लिए भर्ती थे। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के एक दिन बाद उन्होंने चीन के जियांग जून को हराकर पहली बार वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

मूडी साल 2007 में जड ट्रंप के बाद क्रूसिबल में खेलने वाले पहले ब्रिटिश टीनएजर होंगे। स्टैन मूडी ने आखिरी फ्रेम में शानदार सेंचुरी बनाकर जियांग जून को 10-9 से हराया। 6-5 से पिछड़ रहे नंबर-44 मूडी ने 71, 70, 113 और 127 के स्कोर बनाकर 9-8 की बढ़त हासिल की। इसके बाद 18वें फ्रेम में उन्होंने मैच जीतने का मौका गंवा दिया, लेकिन निर्णायक फ्रेम में शानदार 104 का स्कोर बनाकर अपनी गलती सुधार ली। मूडी की यह जीत इसलिए भी ज्यादा अहम है, क्योंकि पिछली रात ही वह टॉन्सिलाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती थे। इसके बावजूद उन्होंने खुद को डिस्चार्ज करवाया और शारीरिक तकलीफ के बावजूद खेलते हुए इस सबसे बड़े मंच पर अपनी जगह सुनिश्चित की।

### मूडी ने आखिरी फ्रेम में शानदार सेंचुरी बनाकर जियांग जून को 10-9 से हराया



### मुझे एक मैच खेलना : मूडी

*वर्ल्ड स्नूकर ने मूडी के हवाले से बताया, डॉक्टर्स ने मुझसे कहा, हम जानते हैं कि आप मना करोगे, लेकिन हम चाहते हैं कि आप अस्पताल में ही रुको। मैंने मना कर दिया और कहा कि मुझे एक मैच खेलना है। मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा ही किया। उन्होंने मुझे कुछ एंटीबायोटिक्स और दूसरी दवाएं दीं। मैं अब वहां वापस नहीं जाऊंगा, मुझे वह जगह बिल्कुल पसंद नहीं है। मैच के आखिर में, मैंने अपनी जिंदगी में कभी इतना दबाव महसूस नहीं किया था। मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। जब से मैंने खेलना शुरू किया है, यह मेरा सपना रहा है।*

## चैंपियंस लीगः लिवरपूल को हराकर पीएसजी ने खिताब की ओर बढ़ाया कदम

# सेमीफाइनल में पीएसजी और एटलेटिको मैड्रिड, बार्सिलोना बाहर

मैड्रिड

बार्सिलोना दूसरे चरण में जीत के बावजूद क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड से कुल स्कोर में 3-2 से हारने के कारण चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा।

एटलेटिको मैड्रिड ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। बार्सिलोना ने दूसरे चरण का मैच 2-1 से जीता लेकिन यह आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने की तरफ कदम बढ़ाए। पीएसजी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मैच की तरह दूसरे चरण के मैच में भी 2-0 से जीत हासिल की।

### 2017 के बाद सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड

बार्सिलोना के शुरुआती हमलों के बावजूद एटलेटिको मैड्रिड की टीम ने डटकर मुकाबला किया और लगभग एक दशक में पहली बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसने इससे पहले 2017 में इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। बार्सिलोना ने पहले 24 मिनट में दो गोल करके स्कोर बराबर कर दिया था। उसकी तरफ से लामिन यामल और फेरान टोरेस ने गोल दागे। एटलेटिको मैड्रिड ने पहले ही हाफ में अडेमोला लुकमैन के गोल से वापसी की।



### पीएसजी की ओस्मान डेम्बेले पर जीत

*उधर लिवरपूल में खेले गए क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में पीएसजी ने ओस्मान डेम्बेले के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से 4-0 की कुल जीत सुनिश्चित की। डेम्बेले के पहले गोल ने लिवरपूल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, क्योंकि प्रीमियर लीग का यह क्लब चैंपियंस लीग में एक और यादगार वापसी की तलाश में था। बैलोन डीओर विजेता डेम्बले ने गोलकीपर जियोर्गी मामारदाश्विली को छकाते हुए बाएं पैर से शानदार शॉट लगाया, जिससे घरेलू दर्शक सन्न रह गए। उन्होंने दूसरा गोल स्टॉपेज टाइम में किया।*

## एशियाई चैंपियंस लीग में हारा ईरानी क्लब ट्रैक्टर




जेद्दा। मध्य पूर्व में जंग के कारण पिछले लगभग डेढ़ महीने से कोई मैच नहीं खेल पाने वाले ईरान के क्लब ट्रैक्टर को एशियाई चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शबाब अल अहली से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका और इजरायल के फरवरी के आखिर में ईरान पर हमले के कारण ट्रैक्टर कोई मैच नहीं खेल पाया था और उसका असर इस मैच में देखने को मिला। यूएई के क्लब की तरफ से यूरो सीजर, ईरान के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सईद एजातोलाही और ब्राजील के फॉरवर्ड मातेउसाओ ने गोल किए। वह अब शनिवार को क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड के बुरिराम यूनाइटेड का सामना करेगा। एक अन्य मैच में फैबिन्हो के 120वें मिनट में पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से सऊदी अरब के अल इत्तिहाद ने यूएई के अल वाहदा को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की जहां उसका सामना जापान के माचिदा जेल्विया से होगा।



## फोर्स 3 की शूटिंग शुरू, दिखी जॉन और हर्षवर्धन की झलक

मुंबई। जॉन अब्राहम अपनी अपकमिंग फिल्म 'फोर्स 3' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है। पोस्ट में जॉन अब्राहम के अलावा हर्षवर्धन राणे की भी झलक दिखी है। मेकर्स ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें जॉन अब्राहम बंदूक लिए नजर आते हैं। इसके बाद उनका टकराव हर्षवर्धन राणे के साथ होता है। दोनों का लुक काफी डैशिंग है। दोनों जबरदस्त बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'जब कोई न रुकने वाला किसी न हिलने वाले से टकराता है, तो एक तूफान जन्म लेता है। 'फोर्स 3' 19 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'

लाइफ Style



## नेहा
## 52 ब्लू' से हॉलीवुड में कर रहीं डेब्यू

लॉस एंजिल्स

नेहा धूपिया फिल्म '52 ब्लू' से हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें वह बहुत ही सिंपल और सादा लुक में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री नेहा धूपिया अपनी अपकमिंग फिल्म '52 ब्लू' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म से वह हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं।

फिल्म के मेकर्स ने इसका पहला लुक और ट्रेलर जारी किया है। नेहा धूपिया इसमें एक अलग लुक में नजर आ रही हैं। यह फिल्म फीफा वर्ल्ड कप 2022 के बैकग्राउंड में एक भारतीय प्रवासी मजदूर की जिंदगी पर आधारित है। 2 मिनट 11 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि नेहा धूपिया ने उस व्यक्ति (यादव शशिधर) की मां का किरदार निभाया है, जो लियोनेल मेस्सी का बहुत बड़ा फैन है। वो लियोनेल मेस्सी से मिलने विदेश जाता है। वहां जाकर वह फंस जाता है। भारत में आशीष का परिवार पहले तो उनके विदेश जाने पर खुश होता है, बाद में जब वह वापस नहीं आता है, तो परिवार के लोग परेशान होते हैं। बेटे के दूर हो जाने पर नेहा धूपिया भी परेशान होती हैं।

इस फिल्म में नेहा धूपिया पहली बार एक मां का किरदार निभाएंगी। उनके साथ आदिल हुसैन भी हैं, जो उनके पति का किरदार निभा रहे हैं। यह इन दोनों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी है।फिल्म का ज्यादातर हिस्सा कोच्चि में फिल्माया गया है, जहां के तटीय और द्वीपीय नजारे कहानी को बेहतर तरीके से पेश करते हैं। यह फिल्म मिस्र के फिल्ममेकर अली अल-अरबी के निर्देशन में बनी है। आपको बता दें कि नेहा धूपिया ने 2003 में फिल्म 'कयामत' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

हॉलीवुड मसाला




## स्पाइडर मैन... के नए पोस्टर जारी

लॉस एंजिल्स। 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' को लेकर बढ़ती उत्सुकता के बीच, फिल्म निर्माताओं ने नए टीजर के साथ दो पोस्टर जारी किए हैं। पहले पोस्टर में टॉम हॉलैंड अपने स्पाइडर मैन अंदाज में नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरे पोस्टर जेंडाया पर फोकस किया गया है।'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के दोनों पोस्टर्स लास वेगास में सिनेमाकॉन इवेंट के दौरान अनाउंस किए गए। इस दौरान वहां पर फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' का एक छोटा सीन भी दिखाया गया।



## एक्टिंग डेब्यू को तैयार सिंगर और गीतकार बिली

लॉस एंजिल्स। सिंगर और गीतकार बिली एलिश अब एक्टिंग में अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। वो दिग्गज फिल्ममेकर जेम्स कैमरून के साथ मिलकर एक नई 3डी कॉन्सर्ट फिल्म 'हिट मी हार्ड एंड सॉफ्ट: द टूर (लाइव इन 3डी) लेकर आ रही हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है। ट्रेलर में एलिश के हाउसफुल वर्ल्ड टूर और कैमरून के साथ उनके सहयोग की झलक दिखाई गई है। कैमरून इस प्रोजेक्ट के सह-निर्देशक हैं। ट्रेलर की शुरुआत में कैमरून कहते हैं, 'यह आपका शो है। यह आपकी क्रिएटिव सोच है। यह लोगों को चौंका देगा।' ट्रेलर में दोनों को साथ मिलकर काम करते हुए दिखाया गया है, जिसमें 3डी चश्मे पहने हुए फिल्म के लिए क्रिएटिव फैसलों पर चर्चा करते हुए सीन भी शामिल हैं।



## कृति ने पहली बार फॉलो की स्ट्रिक्ट डाइट


मुंबई। कृति सेनन जल्द ही 'कॉकटेल 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी के फर्स्ट लुक में एक्ट्रेस काफी फिट और बोल्ड लुक में नजर आई हैं। हाल ही में उन्होंने इसके लिए ली गई डाइट और रूटीन पर चर्चा की। ये फिल्म 2012 में आई कॉकटेल का सीक्वल है। एक बातचीत में कृति सेनन ने कहा, सच कहूं तो 'कॉकटेल के दौरान ही ऐसा हुआ था जब मैं बहुत स्ट्रिक्ट डाइट और कंसिस्टेंट वर्कआउट रूटीन पर थी और पहली बार मैंने कैलोरी-डेफिसिट डाइट फॉलो की, जो मैंने पहले कभी अपनी जिंदगी में नहीं किया था। हम इटली के सिसिली में शूट कर रहे थे और वहां खाने की बात करें तो ज्यादातर पिज्जा, पास्ता, पिज्जा वही सब होता है। और मैं बस सोचती रह जाती थी।'कैलोरी-डेफिसिट डाइट का मतलब शरीर की नॉर्मल कैलोरी मात्रा से कम कैलोरी लेना।



## साउथ फिल्म में धनुष के साथ आएंगी नजर!

मुंबई। सारा अर्जुन आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' में अपनी अदाकारी की वजह से चर्चा में हैं। वह इस समय सबसे ज्यादा मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। इस बीच, एक रिपोर्ट सामने आई है कि यह स्टार, नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता धनुष के साथ एक अपकमिंग फिल्म में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म के निर्देशक तमिलरासन पचामुथु होंगे। धनुष के पास निर्देशक तमिलरासन पचामुथु के साथ एक प्रोजेक्ट है। इस फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर रुक्मिणी वसंत को चुना गया था। मगर अब ऐसा लगता है कि अब वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। वह एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म में बिजी हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स अब मुख्य अभिनेत्री के तौर पर सारा अर्जुन के नाम पर विचार कर रहे हैं।

टीवी मसाला



## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब नहीं दिखेंगी विलेन नोइना

नई दिल्ली। टीवी पर टीआरपी रेटिंग में धूम मचा रही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के फैंस को बड़ा झटका लगा है। एकता कपूर का यह शो जहां पिछले पांच हफ्तों से टीआरपी में 'अनुपमा' को पछाड़कर नंबर-1 की कुर्सी पर है, वहीं एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कंफर्म कर दिया है कि वह शो से विदा लेने वाली हैं। शो में विलेन 'नोइना' का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस का सफर अब शो में खत्म हो गया है। ऐसा कहानी में आए बदलाव के कारण हुआ है। बरखा बिष्ट ने सोशल मीडिया पर शो छोड़ने की पुष्टि की है। हिसार, हरियाणा में पैदा हुई 46 साल की बरखा बिष्ट ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद प्यारा और इमोशनल नोट लिखा है। इसमें उन्होंने शो के दौरान हर कदम पर उनका साथ देने वाली टीम का शुक्रिया अदा किया है। मूल रूप से गढ़वाली परिवार में जन्मी बरखा ने साल 2004 में 'कितनी मस्त है जिंदगी' शो से टीवी पर डेब्यू किया था। उन्होंने लिखा है, 'हमने इस शो के साथ इतिहास रचा है। आप सभी ने मुझे जो प्यार और भरोसा दिया है, उसके लिए मैं आपका जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है... लोगों को 'नोइना' से नफरत करना भी पसंद था और मुझे इससे ज्यादा और क्या चाहिए था... उस टीम का बहुत-बहुत शुक्रिया, जो हर कदम पर मेरे साथ खड़ी रही!' मुजम्मिल देसाई सर, आप उन बेहतरीन लोगों में से एक हैं जिनके साथ मैंने काम किया है... मैंने आपसे बहुत कुछ सीखा है... एक इंसान के तौर पर भी!

### महाभारत में कथक डांस से हुई थी एंट्री

नई दिल्ली। मराठी और हिंदी सिनेमा की जानी-मानी हस्ती वर्षा उसगांवकर को 'महाभारत' की उत्तरा के नाम से भी जाना जाता है। वर्षा उसगांवकर के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी इस ऐतिहासिक धारावाहिक का हिस्सा बने, लेकिन वर्षा ने कभी इसके लिए ऑडिशन नहीं दिया। दिलचस्प बात यह है कि 'महाभारत' शुरू होने के एक साल बाद, वर्षा अपने परिवार के साथ शूटिंग देखने के लिए सेट पर गईं और तभी उन्हें वहां एक प्यारा सा रोल ऑफर हो गया। उनकी कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। 'महाभारत' में वर्षा की एंट्री गोपी कृष्णा द्वारा कोरियोग्राफ किए गए एक शानदार कथक डांस से हुई थी। उस एक सीन ने उन्हें रातोंरात राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के दरवाजे उनके लिए खोल दिए। हालांकि, वर्षा ने अपने कॅरियर की शुरुआत मराठी थिएटर से की थी और सचिन पिलगांवकर ने उन्हें 'गम्मत जम्मत' से लॉन्च किया था, लेकिन 'महाभारत' की सफलता ने उन्हें बॉलीवुड का चमकता सितारा बना दिया। इसके बाद उन्होंने 1990 में जैकी श्रॉफ के साथ फिल्म 'दूध का कर्ज' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा।



## रामायण के पहले पार्ट में आमने सामने नहीं आएंगे राम- रावण

मुंबई। रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म रामायण बीते कुछ दिनों से चर्चाओं में है। हाल ही में इसका टीजर भी रिलीज किया गया था, जिसके बाद फैंस में इसे लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। अब फिल्म में रावण का रोल निभा रहे एक्टर यश ने अपने पार्ट को लेकर बड़े खुलासे किए हैं। एक बातचीत में यश से पूछा गया कि सेट पर उनका रणबीर कपूर के साथ रिश्ता कैसा है और उन्होंने अपनी केमिस्ट्री कैसे बनाई। इस पर यश ने कहा, 'दिलचस्प बात यह है कि हम दोनों इस फिल्म में कभी भी स्क्रीन पर साथ नहीं आए हैं। जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह दो भागों वाली फिल्म है। तो पहले भाग में, रावण का अपना राज्य है और राम का अपना राज्य है। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन हां, हम कुछ बार मिले हैं, और वह एक शानदार एक्टर हैं। मुझे लगता है कि यह आपसी सम्मान है जो नजर आता है। केमिस्ट्री ऐसी होती है कि जब आप कुछ बड़ा करने के लिए निकलते हैं, और यह 'रामायण' जितनी बड़ी फिल्म है, तो हम सभी का एक ही टारगेट होता है कि इस कहानी को बेहतरीन तरीके से पेश करें। मुझे लगता है हमारी सोच एक जैसी है, इसलिए केमिस्ट्री कोई मुद्दा ही नहीं है। हम इसे एंजॉय कर रहे हैं।'रामायण' का पहला पार्ट 2026 में दिवाली के मौके पर और दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के मौके पर रिलीज हो सकता है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम के रोल में, यश रावण के रोल में, साई पल्लवी सीता के रोल में, सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे।



## वो सबसे मुश्किल कला के उस्ताद थे अक्षय ने असरानी को किया याद...

मुंबई। अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने दिवंगत अभिनेता असरानी को याद किया है। असरानी ने 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार के साथ अभिनय किया है। अक्षय कुमार ने असरानी को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने एक प्यारी पोस्ट लिखी है और उन्हें उस्ताद बताया है।

कैप्शन में अक्षय कुमार ने लिखा 'कभी-कभी एक तस्वीर सिर्फ यादों का टुकड़ा नहीं होती। एक पूरी यात्रा को समेटती है। ये तस्वीर हमारी 'भूत बंगला' की शूटिंग से है। असरानी जी के साथ मेरी दूसरी आखिरी फिल्म। कुल 12 फिल्में हमने साथ की और हर एक में मैंने उनसे कुछ नया सीखा। हर बार यह एक मास्टरक्लास थी।' उन्होंने आगे लिखा 'कॉमेडी इतनी आसान लगती थी जब वो करते थे, लेकिन असल में वो एक मुश्किल कला है। असरानी जी कॉमेडी के उस्ताद थे और हमेशा रहेंगे। 'भूत बंगला' 16 अप्रैल को रिलीज हो रही है। मेरे लिए ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, एक याद है। एक श्रद्धांजलि है। एक सलाम है उस लीजेंड को। असरानी जी, आप हमेशा याद आएंगे।' आपको बता दें कि 20 अक्टूबर 2025 को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता असरानी का निधन हो गया। उनका नाम गोवर्धन असरानी था। फेफड़ों में समस्या के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने 84 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'हैवान' में भी अभिनय किया है। 'भूत बंगला' का पेड प्रिव्यू 16 अप्रैल को होगा। यह फिल्म सिनेमाघरों में 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इसमें अक्षय कुमार के अलावा वामिका गब्बी, तब्बू, असरानी, राजपाल यादव और परेश रावल हैं। इसके निर्देशक प्रियदर्शन हैं।



## हसरत जयपुरी से राज कपूर बोले थे- तुम्हारे पास हैं 24 घंटे
## दिन में बसों में टिकट काटते, रात को बन जाते शानदार मुशायरों की शान

*नई दिल्ली। तेरी प्यारी प्यारी सूरत को, पंख होती तो उड़ आती रे, जिंदगी एक सफर है सुहाना जैसे तमाम गीतों के पीछे जिस एक दिमाग ने जीतोड़ मेहनत की है वो हैं हसरत जयपुरी। जयपुर में जन्मे इकबाल हुसैन के अंदर दो दुनिया बसती थी। एक तरफ स्कूल की अंग्रेजी तालीम, तो दूसरी तरफ अपने नाना (मशहूर शायर फिदा हुसैन) से सीखी गई उर्दू और फारसी की बारीकी थी। जब बीस साल की उम्र में पहली मोहब्बत मुकम्मल नहीं हुई, तो उन्होंने अपना उपनाम 'हसरत' रख लिया, जिसका मतलब ही है 'अधूरी ख्वाहिश'। आगे चलकर फिल्म इंडस्ट्री में इन्हें ही हसरत जयपुरी के नाम से प्रसिद्धि मिली। 1940 में वह अपनी पत्नी के साथ मुंबई (तब बंबई कहलाता था) आ गए। ये वो दौर था जब दिन में वे बसों में टिकट काटते और रात होते ही शहर के शानदार मुशायरों की शान बन जाते। वे खुद को 'रंगीन मिजाज' कहते थे।*

### जिया बेकरार है, छाई बहार है

हसरत एक मुशायरे में वे अपनी एक दर्दभरी कविता 'मजदूर की लाश' पढ़ रहे थे। दर्शकों में बैठे थे महान एक्टर पृथ्वीराज कपूर। उन्होंने इस नौजवान की प्रतिभा को पहचाना और अपने बेटे राज कपूर के पास भेजा। तब राज कपूर अपनी फिल्म 'बरसात' (1949) बना रहे थे। उन्होंने हसरत को एक धुन सुनाई और कहा, 'तुम्हारे पास 24 घंटे हैं, इस पर एक गाना लिखकर लाओ।' अगले दिन हसरत लौटे और जो कागज उन्होंने राज कपूर के हाथ में रखा, उस पर 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा था। राज कपूर गाने की लाइनें पढ़कर खुशी से उछल पड़े और ये गाना काफी पॉप्युलर साबित हुआ।

### कलम से निकले शब्द सीधे लोगों के दिलों में उतरते

हसरत के पास प्यार के हर मौसम के लिए अल्फाज थे। शम्मी कपूर का बिंदास अंदाज हो (एहसान तेरा होगा मुझ पर), देव आनंद का चुलबुलापन हो या किशोर कुमार की मस्ती (जिंदगी एक सफर है सुहाना), हसरत के कलम से निकले शब्द सीधे लोगों के दिलों में उतर जाते थे।



### 1,200 से अधिक गीतों का एक खजाना

17 सितंबर 1999 को 77 वर्ष की आयु में हसरत जयपुरी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। हसरत जयपुरी ने 1,200 से अधिक गीतों का एक ऐसा खजाना छोड़ गए जो आज भी बेमोल है।

**अनु मलिक के मामा लगते हैं जयपुरी** :बताते चलें कि उनकी बहन बिलकिस मलिक की शादी म्यूजिक डायरेक्टर सरदार मलिक से हुआ था जो सिंगर अनु मलिक की मां हैं । हसरत के दो बेटे और एक बेटी हैं, अख्तर हसरत जयपुरी, आसिफ हसरत जयपुरी और किश्वर जयपुरी। वहीं आदिल, अमान, आमिर और फैज जयपुरी उनके पोते हैं।

### उनके शानदार गानों में ये गाने शामिल हैं

- इचक दाना बिचक दाना
- जिंदगी एक सफर है सुहाना
- तेरी प्यारी प्यारी सूरत को
- पंख होती तो उड़ आती रे
- एहसान तेरा होगा मुझपर
- तुम मुझे यूं भुला न पाओगे
- दुनिया बनानेवाले
- बदन पे सितारे लपेटे हुए
- ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर

### सारा पैसा मुंबई की रियल एस्टेट कंपनी में निवेश किया

1969 की फिल्म 'प्रिंस' के लिए उन्होंने पेरिस के एक नाइट क्लब में डांसर्स को देखकर ऐसा गीत लिखा (बदन पे सितारे लपेटे हुए) जो आज भी पार्टियों की जान है। जब हसरत अपने करियर के चरम पर थे और लाखों कमा रहे थे, तब उनकी पत्नी ने उन्हें सारा पैसा मुंबई की रियल एस्टेट (प्रॉपर्टी) में निवेश करने को कहा था। जब फिल्में मिलनी बंद हुई, तब भी वे किराये की आमदनी से शान और शौकत से जीए। उन्हें कभी पैसों के लिए अपने उसूलों या अपनी कला से समझौता नहीं करना पड़ा।

# किसान नेता बॉबी राजा ओर उनके साथियों की मुहिम रंग ला रही, शिकायत के बाद झांसी प्रदूषण ने की जांच पड़ताल

## नदी तालाबों से राख की सफाई का कार्य शुरू

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बजाज पावर प्लांट द्वारा नदी, नालों में बहाए जा रहे राख के ढेर से पर्यावरण ओर आम जन के लिए मुसीबत बन चुकी थी। इस समस्या को देखते हुए किसान नेता ओर सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा शिकायत करने पर हरकत में आए झांसी प्रदूषण विभाग ने मौके पर निरीक्षण किया ओर बजाज पावर प्लांट को साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। जिसके चलते बजाज पावर प्लांट ने नदी ओर नालों में फेंकी गई राख की साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही प्रदूषण विभाग ने पावर प्लांट से निकलने वाले प्रदूषण की भी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक किसान नेता/सामाजिक कार्यकर्ता बॉबी राजा ओर उनके साथियों ने ललितपुर में स्थित बजाज पावर प्लांट के गेट नंबर दो से बहाई जा रही राख नदी, ओर नालों में बहकर पर्यावरण को दूषित कर रही और आमजन के लिए भी जान का खतरा साबित हो रही यह बात रखते हुए 19 मार्च 2026 को रीजनल ऑफिसर यूपीपीसीबी को शिकायत की थी। इस शिकायत को संज्ञान लेते हुए लापरवाही बरतने वाले बजाज पावर प्लांट पर झांसी प्रदूषण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण करते हुए पावर प्लांट का प्रदूषण चैक किया साथ ही उन्हें नाले ओर नदी से राख की साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए। इन निर्देशों के बाद बजाज पावर प्लांट ने नदी ओर नालों से राख की सफाई कराना शुरू कर दिया है। लेकिन प्रदूषण विभाग ने पावर प्लांट पर लापरवाही बरतने ओर आम जनमानस की जिंदगी से खिलबाड़ करने पर क्या कार्यवाही की इसकी अभी तक विभाग द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई। फिलहाल नदी ओर नालों से पावर प्लांट द्वारा बहाई गई राख की सफाई होने पर क्षेत्रवासियों ने सामाजिक कार्यकर्ता/ किसान नेता बॉबी राजा ओर उनकी टीम के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा शुरू कर दी है।

# नई शिक्षा मे आध्यात्मिकता के समावेश से जीवन का सर्वांगीण विकास-जवाहर राजपूत विधायक

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चल रहे 12 ज्योतिर्लिंग दिव्य दर्शन मेला नवचेतन देवी की दिव्य झांकी का आयोजन छठे दिन का कार्यक्रम विशेष शिक्षा से सर्वांगीण विकास विषय पर आयोजित किया गया ।जिसको संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक जवाहर राजपूत विधायक ने कहा ब्रह्मकुमारी बहनों के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अद्वितीय है यह बहने इस प्रकार के आयोजनों के द्वारा समाज को एक नई दिशा एवं सकारात्मकता का प्रचार कर रही हैं ,अध्यात्म ऊर्जा से परिपूर्ण, इनकी त्याग और तपस्या अतुलनीय है ।मैं यहां आकर 12 ज्योतिर्लिंग भोलेनाथ के 12 स्वरूपों के दर्शन करके और इन बाल ब्रह्मचारी बहनों की छत्रछाया में स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूंद्य और मैं सदा उनके कार्यक्रमों में सहयोगी रहूंगा ।ज्योतिषाचार्य पं दीपेंद्र अड़जरिया ने कार्यक्रम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं इन बहनों का सचमुच में आभारी हूं। अगर हम कोई भी बच्चों के लिए शिक्षा देना चाहते हैं तो उससे पहले मात पिता को भी अनुशासित होना होगा। अध्यात्म के बिना भौतिक विकास संभव नहीं।

इस दौरान पीएनबी बैंक के प्रबंधक ,नीलेश तिवारी , केंद्र प्रभारी बीके कविता दीदी , जितेंद्र पटेल सर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पंकज कुशवाहा, माधुरी तिवारी , किन्नर समाज की जूली बहन , बरुआ सागर केंद्र प्रभारी ,मऊरानीपुर केंद्र प्रभारी बीके चित्रा दीदी जी के द्वारा संबोधन किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन निवाड़ी केन्द्र प्रभारी बीके रचना दीदी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन पं देवेश पालीवाल,भगत सिंह, राकेश ,जय ठाकुर ,मोहन गर्ग ,पंकज कुशवाहा ,सितार वादक पं सरजू शरण पाठक ,राजकुमार सेन, विनीत पटेल मुन्नालाल भाई ,ज्योति बहन,पायल बहन ,जूली बहन, छाया बहन, सत्य प्रकाश दुबे जी ,मोहिनी बिलैया , शकुन घोष मानव अधिकार राष्ट्रीय संघ अध्यक्ष ,किन्नर समाज से बहने श्रीमती माधुरी तिवारी ,डॉक्टर ठाकुर दास तिवारी ,सुखदेव सिंह,दीपू भाई गीता सेंगर ,नगर के अनेक गणमान्य भाई बहने एवं सैकड़ो की अंदाज में माताएं बहने उपस्थित रही

# झांसी में जबरन स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में बुंदेलखंड क्रांति दल ने सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में आज विद्युत वितरण खंड-झांसी के चीफ इंजीनियर को जबरन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के दौरान चीफ इंजीनियर से वार्ता करते हुए कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश विद्युत अधिनियम, 2003 तथा UPERC के उपभोक्ता अधिकारों के अनुसार प्रीपेड/स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की स्वैच्छिक सहमति से ही लगाए जाने चाहिए, जबकि झांसी में उपभोक्ताओं पर इन्हें जबरन थोपने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने मांग की कि बिना सहमति किसी भी उपभोक्ता का मीटर न बदला जाए तथा जिन उपभोक्ताओं के मीटर जबरन बदले गए हैं, उन्हें पुन: पोस्टपेड मीटर की सुविधा दी जाए। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए समय से स्स्र के माध्यम से बिल भुगतान सूचना देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक असुविधा और बिजली कटौती से बचाया जा सके। बुंदेलखंड क्रांति दल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस संबंध में उचित कार्यवाही नहीं की गई, तो संगठन पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से मो. नईम मंसूरी, मो. अज्जू खान, अरविंद सिसोदिया, श्रीमती शारदा शर्मा, गुलाब सिंह चौहान, जगदीश विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, काली चरण श्रीवास, जमीन हुसैन एवं बृजकिशोर वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी से की विद्यालय समय परिवर्तन की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित और जिला मंत्री मृत्युंजय सिंह के द्वारा जिलाधिकारी को नामित ज्ञापन सौंपा गया। भीषण गर्मी के दृष्टगत विद्यालय संचालन का समय परिवर्तन करने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि मौसम में परिवर्तन हो गया है। तापमान की वृद्धि के चलते छुट्टी के समय छोटे - छोटे बच्चों को कड़कड़ाती धूप में पैदल घर जाना पड़ता है। इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्यालय संचालित कराए जाने की मांग की गई। इसके साथ ही जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को बताया कि चिरगांव ब्लॉक ने अभी तक अंतर अवशेष बिल नहीं भेजे जिससे चिरगांव ब्लॉक के शिक्षको को मार्च माह का अभी तक वेतन प्राप्त नहीं हों सका ।इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण राय,जिला संयुक्त मंत्री शिवकुमार पाराशर,कोषाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा,मुकेश वर्मामौजूद रहे।

# स्कूटी रैली निकालकर दिया नारी शशक्तिकरण का संदेश

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** नारी शक्ति बंधन अधिनियम अभियान के तहत डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्कूटी रैली निकालकर समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया ।इसके साथ ही दीवाल लेखन हस्ताक्षर अभियान एवं रंगोली प्रतियोगिता जैसी रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया ,जिसके माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया ।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर पिंकी सिंह ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्रों को आत्मनिर्भर बनने तथा जीवन में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। इन सभी कार्यक्रमों का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ आराधना यादव एवं डॉ धीरज दीक्षित के नेतृत्व में किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर दिया ज्ञापन

## गुलाबी गैंग के कई कार्यकर्ता यूनियन से जुड़े

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** बुधवार को मुख्यालय के तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन की बैठक जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल के नेतृत्व में की गई। जिस पर किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर विस्तृत वार्ता की गई ।और समस्याओं के समाधान की मांग की गई ।जिसमें कहा गया कि तहसील के अंतर्गत सभी खरीद केंद्र में बोरी उपलब्ध करा कर खरीद कराई जाए ।तहसील में लेखपाल और राजस्व निरीक्षकों के द्वारा प्राइवेट कर्मी रखकर किसानों ,गरीब लोगों का शोषण किया जाता है। जिनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। तहसील अंतर्गत ओलावृष्टि आंधी और तूफान तथा बारिश से हुए फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर दैवीय आपदा बीमा क्लेम दिलाया जाए। इन तमाम मांगो के साथ उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बढ़ते प्रभावी वर्चस्व को देखते हुए गुलाबी गैंग की पूर्व मंडल प्रभारी नीलम सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय किसान यूनियन में जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल की अगुवाई में शामिल हुई। जिन्हें संगठन में मंडल महिला प्रकोष्ठ के महासचिव पद का दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर कानपुर जोनल प्रभारी बैजनाथ अवस्थी, उपाध्यक्ष रामदास साहू, मंडल अध्यक्ष राजा बाई संदीप सिंह ,अनीता सिंह, किसान यूनियन की महासचिव सरोज , जय राम तिवारी, रमेश यादव, धनंजय मिश्रा ,राघवेंद्र सिंह, आशा पांडे ,शिवकुमार वर्मा, मुन्ना यादव सहित भारी मात्रा में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# योगी सरकार ने बांदा में संवारी गरीबों की तकदीर, 1.33 लाख परिवारों का अपना घर का सपना हुआ साकार

( यंग भारत न्यूज )

- हर पात्र को मिली छत, बांदा में विकास को मिली योगी सरकार में नई उड़ान
- पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 107030 व शहरी के अंतर्गत 19057 लोगों को मिले आवास

**बांदा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में बुंदेलखंड के बांदा जनपद ने विकास की एक नई उड़ान भरी है। हर गरीब को छत देने के संकल्प के साथ जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के जरिए बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले के 1 लाख 33 हजार से अधिक जरूरतमंदों को उनका अपना पक्का घर मिल चुका है। जिससे उनके जीवन स्तर में क्रांतिकारी सुधार आया है और जिले में आवास योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक पहुंचाया गया है।

### हर पात्र को मिली छत, बांदा में विकास को मिली योगी सरकार में नई उड़ान

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सबसे अधिक 107030 पात्र लाभर्थियों को पक्का मकान मुहैया कराया गया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में भी पिछड़े और गरीब परिवारों का ध्यान रखते हुए 19057 लोगों को उनके सपनों का घर दिया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विशेष परिस्थितियों और वंचित वर्गों के 7094 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया गया है। जिससे जिले की तश्वीर बदली है। पिछली सरकारों में कभी कच्चे घरों और मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसने वाले बुंदेलखंड के बांदा के इन लाखों परिवारों के लिए ये पक्के घर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं हैं बल्कि सम्मान के साथ जीने का जरिया बन गए हैं। कहा जाए तो योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों के कारण बिना किसी बिचौलिए के सीधे उन्हें योजना का लाभ मिला है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार बांदा में इन योजनाओं का क्रियान्वयन युद्ध स्तर पर किया गया ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए। पक्के घरों के साथ-साथ इन परिवारों को शौचालय, बिजली और उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन जैसी सुविधाओं से भी जोड़ा गया है। जिससे जनपद की ग्रामीण और शहरी दोनों तस्वीरें बदल गई हैं।

# फर्स्ट्- एड किट की आवश्यकता एवं जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न


( यंग भारत न्यूज )



**झांसी** । बी. एड.विभाग में फर्स्ट्- एड किट की आवश्यकता एवं जागरूकता विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ आज वर्कशॉप के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. गुरमीत राम व विशिष्ट अतिथि डॉ.अंबर साहू जी राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, झांसी,प्रभारी प्राचार्य प्रोफ़ेसर एल. सी. साहू जी एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नूतन बंसल मैडम एवम् महाविद्यालय के शिक्षक साथियों व विद्यार्थियों के साथ मां सरस्वती पर दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें आज के विशिष्ट अतिथि डॉ अंबर साहू जी ने प्राथमिक सहायता पर उसकी आवश्यकता एवं जागरूकता पर अपने चिकित्सीय अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. गुरमीत राम जी फर्स्ट् एड किट की आवश्यकता एवं फर्स्ट् एड पर अपने निजी अनुभवों को छात्रों के साथ साझा कर उसे जीवंत रूप प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में वर्कशॉप के संयोजक डॉ. कमलेश सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य जी व वरिष्ठ प्रोफेसर नूतन बंसल मैडम व उपस्थित शिक्षक साथियों डॉ श्याम मोहन जी, डॉ नरेंद्र गुप्ता जी, डॉ . शिव कुमार जी ,डॉ. रावेंद्र सिंह जी एवम् उपस्थित समस्त शिक्षक साथियों व विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

# दिलीप पाण्डेय बने राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** राष्ट्रीय परशुराम परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की संस्तुति पर जिला झांसी निवासी बरिष्ठ समाज सेवी दिलीप पाण्डेय को उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। बरिष्ठ समाज सेवी दिलीप पाण्डेय के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

# न्याय के लिए पहुंचे जसपुरा थाना तो पीड़ित के साथ पुलिस ने की उल्टा मारपीट

## जसपुरा पुलिस के दो कर खास से परेशान है क्षेत्रीय ग्रामीण

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के नादादेव गांव निवासी रोशनी ने थाना जसपुरा शिकायती पत्र देने गई थी कि वह अपने घर पर रात में सतुवा भुज रही थी तभी शराब के नशे में पड़ोस की ही अजीत शराब पीकर मारपीट करने लगा और घर पर ईट मारा जिसका विरोध पीड़िता के पति ने किया तो उसको भी गाली गलौज किया जिसका वीडियो के उनके पास मौजूद है जिसकी शिकायत लेकर रात में 10:00 बजे पीड़िता अपने पति के साथ थाने पहुंची तो थाने में उनकी नहीं सुनी गई और उल्टा उसके पति के साथ थाने में एक कांस्टेबल के द्वारा मारपीट की है। साथ ही उनका फोन भी छीन लिया गया बाद में दरोगा के आने पर फोन वापस किया गया।

जसपुरा पुलिस पर आए दिन मारपीट जैसे आरोप लगाते रहते हैं पुलिस इस समय अपराधियों पर अंकुश न लगाने की बजाय पीड़ितों के साथ ही लगातार अत्याचार कर रही है। आए दिन चोरी मारपीट क्षेत्र में होती है इस पर बांदा पुलिस को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि पीड़ितों पर ही जसपुरा मारपीट कर सुलह समझौता कर देती है तो न्याय कैसे मिलेगा। पुलिस के खिलाफ काफी लोगों में आक्रोश देखने को मिलता है ।वही सूत्रों की मन तो उनका कहना है कि इस सूरत थाने में काफी दिनों से तैनात दो कांस्टेबल है जिनके द्वारा अवैध वसूली में मस्त रहते हैं और थाना प्रभारी निरीक्षक के कारखास है। जिनके द्वारा क्षेत्र के सारे दो नंबर के व्यापार चलवाए जाते हैं और लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है जिनको लगभग 3 साल से ऊपर हो गए थाने में आए हुए।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718